सेंसेक्स 75,038.15 ▲ +354.45
डॉलर 83.335 ▼ -0.070

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 32.0 | 20.0 | 24.0 |
| धनबाद | 35.0 | 23.0 | 27.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 22.0 | 29.0 |
| पलामू | 36.0 | 21.0 | 27.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-71, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय — आप के आदर्श शिक्षा की स्थिति ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | एक झटके में मिटा देंगे गरीबी ...12 — देश-विदेश

## वासंतिक नवरात्र

### चतुर्थ : कूष्माण्डा



**नवरात्र**-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देनेवाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है।

सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु में॥

जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। वहां निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं। इनके तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। मां की आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होनेवाली हैं।

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 67,350

चांदी (1 किलो) 89,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## आज के मैच




समय : 12 अप्रैल, 7:30 बजे से

स्थान : लखनऊ

## आजकल






# सरहुल का वास्तविक अर्थ वृक्षों एवं प्रकृति की पूजा करना है : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को सरहुल पर्व के अवसर पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'सरहुल महोत्सव' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समस्त राज्यवासियों को सरहुल की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मानव एवं प्रकृति का अन्योन्याश्रय संबंध है। सरहुल का वास्तविक अर्थ वृक्षों एवं प्रकृति की पूजा करना है। इस पर्व में यह संदेश निहित है कि प्रकृति के बिना मानवजाति का अस्तित्व नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि सरहुल हमारे राज्य के अहम त्यौहारों में से एक है। इसे देश के अन्य हिस्सों में भी बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व जनजातीय समुदाय तक ही सीमित नहीं है, इसे सभी समुदाय के लोग पूर्ण उमंग के साथ मनाते हैं। यह उत्सव सभी के मध्य आपसी भाईचारे की भावना को और सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि सरहुल मानवजाति को प्रकृति की रक्षा करने का संदेश देता है। आज जहां पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना कर रहा है, वहीं सरहुल जैसे पर्व के संदेश अत्यंत सार्थक है। उन्होंने सभी को आने वाले पर्व 'रामनवमी' की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य महुआ माजी भी उपस्थित थीं।



### सीएम ने राज्यवासियों को दी सरहुल की शुभकामनाएं



सीएम चंपाई ने गुरुवार को राज्यवासियों को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी हैं। अपने सोशल मीडिया 'एक्स' के अकाउंट पर ट्वीट करते हुए सीएम ने लिखा है कि प्रकृति पर्व सरहुल पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जोहार। उन्होंने लिखा है कि सरहुल का संदेश है कि प्रकृति के पेड़-पौधों, पहाड़, नदी, जमीन, सूर्य की तरह हम सभी आपस में प्रेम, भाईचारे व एकता के साथ रहें तथा समाज से जुड़े रहें।

### ग्लोबल वार्मिंग का समाधान है आदिवासी जीवन शैली : मुंडा



**रांची** विश्वविद्यालय के जनजातीय भाषा विभाग में गुरुवार को आयोजित सरहुल महोत्सव में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल हुए। उन्होंने सभी को सरहुल की बधाई देते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन से आदिवासियों का अन्योन्यय संबंध है। अब समय आ गया है कि हमें यह समझना होगा कि प्रकृति को बचाना कितना महत्वपूर्ण है। पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के समाधान का एक उदाहरण आदिवासी समाज की जीवन शैली भी है, क्योंकि आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करते हैं। अर्जुन मुंडा भी मंदर की थाप पर थिरके।

# लोस चुनाव : तीसरे चरण का नामांकन आज से

## 12 राज्यों की 94 सीटों पर होना है मतदान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव-2024 के तीसरे चरण के लिए नामांकन शुक्रवार से शुरू होंगे। इस चरण में 12 राज्यों की 94 संसदीय सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के बैतूल संसदीय क्षेत्र में स्थगित मतदान की अधिसूचना भी शुक्रवार को जारी होने की संभावना है। बैतूल लोकसभा सीट पर चुनाव दूसरे चरण में होना था, लेकिन बसपा के उम्मीदवार के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है। वहीं, तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल है। तीसरे चरण में जिन राज्यों में मतदान होना है। उनमें मध्य प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दादर-नगर हवेली, दमन और दीव, गोवा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। लोकसभा चुनाव सात चरणों में कराए जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई, चौथे चरण के लिए 13 मई, पांचवें चरण के लिए 20 मई, छठे चरण के लिए 25 मई, सातवें और आखिरी चरण के लिए 1 जून को वोटिंग होनी है। जबकि, 4 जून को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।



हरमू ईदगाह में मुस्लिम धर्मावलंबी ने अकीदत के साथ अदा की ईद की नमाज। मांगी खुशी और शांति की दुआएं।

### उत्तराखंड के ऋषिकेश में चुनावी रैली में बोले पीएम मोदी

# पूरे देश में गूंज रहा फिर एक बार मोदी सरकार



**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के ऋषिकेश में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मंच पर डमरू भी बजाया। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत गढ़वाली भाषा से की। पीएम मोदी ने कहा, कल मैं भारत के दक्षिणी छोर पर, सागर तट पर बसे तमिलनाडु में था और वहां पर भी लोग कह रहे हैं- फिर एक बार मोदी सरकार। आज हिमालय की गोद में बाबा केदार और बद्री विशाल की चरणों में हूं और यहां भी वही गूंज है- फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राम मंदिर का ज्रिक कर कहा कि कांग्रेस विकास और विरासत दोनों की विरोधी है। कांग्रेस ने प्रभु श्री राम के अस्तित्व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक हैं : मोदी



**करौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक हैं। कांग्रेस नेताओं ने तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के लिए मंदिरों को गिराकर उनकी जमीनों पर कब्जे किए। यहां रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए जाते थे। जिस राजस्थान के धौलपुर ने अयोध्या में 500 साल के इंतजार के बाद बने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे, उसी राम मंदिर पर कांग्रेस पार्टी के नेता कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इन लोगों ने राम मंदिर की प्रतिष्ठा का बहिष्कार तक किया। मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए मेरा पल-पल आपके नाम है, हर पल देश के नाम है। इसलिए कहता हूं, 24 गुणा 7 फॉर 2047। प्रधानमंत्री गुरुवार को करौली-कैलादेवी मार्ग स्थित सिद्धार्थ सिटी में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करौली बता रहा है कि चार जून को 400 पार। राजस्थान कह रहा है फिर मोदी सरकार। राजस्थान के हर घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस युवाओं की सरकारी नौकरी में लूट के मौके तलाशती है। पेपर लीक की फैक्टरी तैयार कर दी थी। कल कांग्रेस के बड़े नेता ने कहा है, कच्चातीवु टापू है। क्या वहां कोई रहता है क्या? फिर ये रेगिस्तान को क्या कहेंगे, कोई रहता है। कल ये कांग्रेसी राजस्थान जैसे सीमावर्ती राज्य की खाली जमीन ये ही कहकर किसी भी देश को दे सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता समझ रहे हैं, राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता है।

# 15 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## हथियार डालने वाले नक्सलियों में एक नाबालिग भी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/चाईबासा।** झारखंड पुलिस को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी सफलता मिली है। पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा में गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के 15 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी नक्सलियों ने डीआईजी मनोज रतन चौथे, डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी आशुतोष शेखर के समक्ष आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वाले 15 नक्सलियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ चाईबासा जिले के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षा बलों के सामने हथियार डालने वाले 15 नक्सलियों में 7 की उम्र 30 साल से कम है। एक नाबालिग है और तीन की उम्र महज 19 साल है। एक नक्सली की उम्र 50 साल है। पुलिस एवं सुरक्षा बलों का कहना है कि भाकपा माओवादी संगठन के आंतरिक शोषण, भयादोहन एवं पुलिस की लगातार बढ़ती दबिश की वजह से कई नक्सली मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। नक्सलियों ने झारखंड पुलिस एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### इन नक्सलियों ने किया समर्पण

▸▸ प्रधान कोड़ा उर्फ देवेन कोड़ा (45), ग्राम रेंगड़ा टोला गुटुसाई, थाना टोंटो, जिला पश्चिमी सिंहभूम। इस नक्सली के खिलाफ टोंटो थाना में 8 मुकदमे दर्ज हैं।

▸▸ चंद्रोमोहन उर्फ चंद्रो अंगारिया उर्फ रोशन (29), ग्राम सासांगवाल, थाना-गोईलकेरा, जिला पश्चिमी सिंहभूम। इसके खिलाफ गोईलकेरा थाने में 7 मुकदमे दर्ज हैं।

▸▸ पगला गोप उर्फ घासीराम गोप (49), ग्राम- हुसीपी, थाना-टोंटो, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इसके खिलाफ जिले के टोंटो व गोईलकेरा थाने में 5 मुकदमे दर्ज हैं।

▸▸ विजय बोयपाई उर्फ अमन बोयपाई (23), ग्राम- बोयपाई सासांगसाल कुइड़ा, टोला- सरजंगकोचा, थाना- गोईलकेरा, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इस नक्सली के विरुद्ध टोंटो एवं गोईलकेरा थाने में 4 मुकदमे दर्ज हैं।

▸▸ गंगा राम पुरती उर्फ मोटका पुरती (19), ग्राम- तुम्बाहाका, टोला पुरती टोला, थाना- टोंटो, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इसके खिलाफ टोंटो थाने में 3 केस दर्ज हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तमाड़ : 8 किलो का प्रेशर कुकर आईईडी बरामद

**रांची।** तमाड़ थाना क्षेत्र के मोनोगोरा-अकारकोला के बीच रोड के समीप पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान एक पुलिया के नीचे से शक्तिशाली आठ किलो का आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किया है। यह आईईडी प्रेशर कुकर में फिट किया हुआ था। आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी को किया गिरफ्तार

**रांची।** एनआईए ने राज्य पुलिस के सहयोग से झारखंड और असम में छापेमारी के बाद एक पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। एनआईए की ओर से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को एनआईए की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से झारखंड मे खूंटी, रांची और असम के दो ठिकानों पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# प्रकृति पर्व सरहुल का आधुनिक रूप और राजनीति



सुनील बादल

प्रकृति पर्व सरहुल झारखंड के गांवों से निकलकर अब शहरों में वृहद जुलूस के रूप में मनाया जा रहा है। जहां पहले मांदर और नगाड़े की प्राकृतिक धुनों में समूह नृत्य करते युवक युवती घंटों दर्शकों को बांधे रहते थे उसके स्थान पर राजधानी रांची में बड़े बड़े जेनरेटर के सहारे बजते डीजे के शोर में वो मिठास नहीं रही जो लोगों को मोहित कर सके। पर बीच-बीच में ढांक, मांदर और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पूरी तन्मयता से सरई फूल हाथ में लिए नृत्य करते एक समान रंग में परहिया साड़ी या गमछा कुर्ता में सजे लोगों ने यह भी प्रदर्शित किया कि उरांव जनजातीय समुदाय अपनी पहचान के लिए सजग भी है और अपनी परंपरा के प्रति समर्पित भी। इस बार अधिक सजगता देखने को मिली कि आधुनिक कपड़ों के बजाय पारंपरिक एक रंग के वस्त्रों में सजा अनुशासित आकर्षक जुलूस निकला जिसे देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। लगभग यही दृश्य राज्य के अन्य स्थानों में भी थे जिससे लगा कि यदि इसे डीजे के बजाय पारंपरिक वाद्य यंत्रों से अच्छी तरह तैयारी और सुव्यस्थित ढंग से निकाला जाए यह देश ही नहीं विदेशी मेहमानों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है और राजस्थान तथा हिमाचल की तरह इस अनूठे पर्व को देखने दूर दूर से लोग आ सकते हैं। कला संस्कृति विभाग इसे एक कलात्मक रूप देकर आकर्षक बना सकता है जैसे कुल्लू महोत्सव या राजस्थान के त्यौहार। पड़ोसी राज्यों में भी सरहुल मनाया गया। छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर के वनवासी कल्याण आश्रम में कहा कि जो कहते हैं कि आदिवासी हिन्दू नहीं हैं, ऐसे विधर्मियों से हमें सावधान रहना है। हम आदिवासी लोग शिव-पार्वती की पूजा करते हैं, आदिवासियों से बड़ा हिन्दू कोई नहीं हो सकता है। लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, खूंटी संसदीय क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि जनजातीय समुदाय का सबसे बड़े त्यौहार सरहुल पहले धार्मिक के साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक पर्व था, लेकिन अब इसका भी राजनीतिकरण हो गया है। लोग अलग-अलग समूह बनाकर अलग-अलग दिनों में सरहुल मना रहे हैं। पहले खूंटी में एक ही दिन सामूहिक रूप से सरहुल मनाया जाता था, लेकिन अब न वो सामाजिक एकता रही और न ही पुरानी परंपरा। हर गांव में अलग-अलग दिनों में सरहुल मनाया जाता है। सरना धर्म की परंपरा रही है कि जिस गांव में सरहुल संपन्न नहीं हुआ है, उस गांव में सखुआ या सरई के फूल को ले जाने की मनाही थी। गांव में सरहुल होने के बाद ही कोई व्यक्ति इस फूल को लेकर जा सकता था। इसीलिए खूंटी के सीमावर्ती गांवों में सरहुल मनाने के बाद अंतिम में खूंटी में सामूहिक रूप से सरहुल मनाया जाता था, ताकि सभी गांवों के लोग मुख्य कार्यक्रम में शामिल हो सकें। यदि किसी गांव में सरहुल नहीं मनाया गया है, तो उस गांव के लोग खूंटी के सरहुल में शामिल नहीं हो सकते थे, लेकिन अब लोग खूंटी में दो दिन सरहुल मनाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का इस तरह राजनीतिकरण कर कुछ लोग आदिवासियों की एकता को गंभीर चोट पहुंचा रहे हैं और सामाजिक एकता को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, परंपरा, धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने वाले लोग भी अब दिखावे के लिए कानों में और अपने घरों में सखुआ या सरई का फूल लगाने लगे हैं। पद्मभूषण कडिया मुंडा ने कहा कि सरहुल का त्यौहार सूर्य और पृथ्वी के विवाह का पर्व है। इसलिए गांव के पाहन और उसकी पत्नी को नया वस्त्र, नया घड़ा आदि देने की परंपरा है। कड़िया मुंडा ने कहा कि सरहुल के बाद ही किसान खेतों में धान बुनने का काम शुरू करते हैं अर्थात सूर्य और पृथ्वी की शादी होने के बाद ही खेती-किसानी का काम शुरू होता है। पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि अब तो ईसाई धर्म अपना चुके लोगों को भी पड़हा राजा बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत और असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि रूढ़िवादी परंपरा को मानने वालों को ही पड़हा राजा का पद दिया जा सकता है और उसकी पगड़ी बांधी जा सकती है, लेकिन जन जनजातियों की परंपरा और संस्कृति को छोड़कर ईसाई बन चुके लोग पड़हा राजा बन रहे हैं। यह जनजातीय परंपरा के लिए ठीक संकेत नहीं है। इसके विपरीत ईसाई धर्म अपना चुके लोगों ने कई बार सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्म में कहा है कि विश्वास बदलने से जाति नहीं बदलती सभी आदिवासी एक हैं।



# संदेशखाली पर शिकायतों का अब सीबीआई लेगी संज्ञान

**नई दिल्ली।** संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन कब्जाने की शिकायतों के संबंध में अब सीधे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को शिकायत की जा सकती है। सीबीआई ने इसके लिए ईमेल आईडी saneshkhali@cbi.gov.in जारी की है। सीबीआई ने इस ईमेल आईडी के व्यापक प्रचार के लिए भी स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करने के लिए सीबीआई ने यह कदम उठाया है। सीबीआई इन शिकायतों पर सीधे संज्ञान लेगी। सीबीआई ने एक जारी बयान में कहा है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ के बुधवार 10 अप्रैल के आदेश के तहत यह ई मेल आईडी बनाई है। इस आईडी पर संदेशखाली उत्तर 24 परगना जिले के व्यक्तियों की शिकायतें दर्ज होंगी। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध और जबरन जमीन हड़पने को लेकर मामला दर्ज किया जा सकता है। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार सीबीआई ने उत्तर 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट से भी अनुरोध किया है कि वे इलाके में saneshkhali@cbi.gov.in ईमेल आईडी का पर्याप्त प्रचार करें और व्यापक प्रसार वाले स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक सूचना भी जारी करें।

## एक नजर

### सिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में सरहुल पर्व धूमधाम मनाया गया

**सिल्ली।** दिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन सिल्ली सरना समिति द्वारा लुपुंग में ढोल नगाड़े के गूंज से पारम्परिक सामुहिक नृत्य के साथ सरहुल पर्व बड़े धुमधाम से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अनिल सिंह मुंडा को माला पहनाकर मंच पर स्वागत किया गया। मुंडा ने सरहुल में आए सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि प्राकृतिक पूजा हमारी संस्कृति का अंग है इसे संरक्षित करने की जरूरत है। समारोह को संचालन कर रहे अमित सिंह मुंडा ने सरना समिति के सभी सदस्यों को सरना गमछा और बैच लगाकर मंच पर सम्मानित किया। सम्मानित पाने वालों में संरक्षक वासुदेव मुंडा, विकास मुंडा, पूर्व प्रमुख कमलनाथ माझी, अध्यक्ष रवि मुंडा, सचिव गोन्दरा उरांव, कोषाध्यक्ष लालू राम उरांव,भरत मुंडा, धर्म गुरु जलेश्वर उरांव, रेशमी कुमारी, शांति तिर्की, शंकर करमाली, बादल करमाली थे। समिति के सदस्यों ने पूजा को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

### सरहुल पर्व धरती माता को समर्पित है : रामानंद बेदिया

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन आदिवासी समुदायों के द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हांकेदाग, जालुहोटाग,बनवाडीह और माटकोमडीह आदि गांवों में प्राकृतिक पर्व सरहुल मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी सह राँची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि को मंच पर सम्मानित किया गया तत्पश्चात पाहन के द्वारा विधि पूर्वक पूजा करवाया गया। मुख्य अतिथि ने ढोल और नगाड़ा बजाकर उपस्थित लोगों का अभिवादन किया और कहा की सरहुल पर्व धरती माता को समर्पित है।

### बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों में ईद उल फित्र धूमधाम के साथ मनाया गया

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के नरकोपी,डोरंडा पीपरटोली, डुमरी, बेडो. थाना क्षेत्र के करांजी, घाघरा, कादोजोरा, तुको, महरु, करांजी, केशा, चचकपी सहित कई गांवों के ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद-उल-फितर की विशेष नमाज अदा किया गया। नरकोपी के रेलवे कॉलोनी मस्जिद ए अबुबकर में इमाम कारी रूस्तम अंसारी, नरकोपी ईदगाह में इमाम साहब, करांजी जामा मस्जिद में मौलाना कासिम, घाघरा के ईदगाह में कादरिया जामा मस्जिद के इमाम जनाब साजिद हुसैन रजवी के द्वारा विशेष नमाज अदा करायी गई। करांजी के करांजी और जराटोली में मौलाना सिद्दीकी, इस्माइल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, सदर शोएब अंसारी, अब्दुल मतीन, हाफिज अंसारी, ऐनूल अंसारी, मुबारक अंसारी, शाहबान अंसारी, नौशाद आलम, कुर्बान अंसारी, मन्नान अंसारी सहित कई लोगों की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन तथा पुलिस के पदाधिकारियों के द्वारा ईद की मुबारकबाद दी गई।

## श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारंभ

# कलश यात्रा के साथ रत्नेश्वर शिव मंदिर का 5 दिवसीय यज्ञ शुरू





**नवीन मेल संवाददाता। रांची/रामगढ़**
श्री श्री प्राचीन रत्नेश्वर शिव मंदिर के पांच दिवसीय यज्ञ एवं श्री श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। आज सुबह 6:00 बजे कलश यात्रा रत्नेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण से प्रारंभ होकर दामोदर नदी तक पहुंची। इसके बाद कलश में जल लेकर पुनः कलश यात्रा रत्नेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। कलश यात्रा में 1100 महिलाएं शामिल हुईं। कलश यात्रा में अपार जन समूह शामिल था। इसमें गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, मनीष जायसवाल हजारीबाग विधायक (हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी), रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के साथ हजारों धर्मप्रेमियों ने भी भाग लिया। कलश यात्रा के बाद संध्या में मंडप प्रवेश एवं विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय यज्ञ सह धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। समिति द्वारा रामगढ़ जिले के सभी लोगों को आमंत्रित करते हुए इस अनुष्ठान को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है। कलश यात्रा में श्री रत्नेश्वर शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामनंदन कुशवाहा, सचिव रविकांत कुशवाहा, उपसचिव हीरालाल, कोषाध्यक्ष शीतल कुमार, उपकोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मीडिया प्रभारी रवि प्रसाद कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा, इंदर कुमार, सुरेंद्र कुमार दांगी, सुजल कुमार, बीरू प्रसाद कुशवाहा, अनिल प्रसाद कुशवाहा, आशीष कुमार कुशवाहा, अरुण अग्रवाल, असीम कुमार, वार्ड सदस्य संजीत सिंह, अमित कुमार, नेहालू कश्यप, अंकित कश्यप, रोशन कुमार सहित हजारों हजार धर्मप्रेमी शामिल हुए।

# जामा मस्जिद छोटामुरी में ईद उल फित्र की नमाज अदा की गई



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी सिल्ली**
प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन सिल्ली मुरी के विभिन्न मस्जिदों में तथा रेलवे कॉलोनी के समीप स्थित जमा मस्जिद में सुबह 8 बजे ईद उल फितर की नमाज हर्षो उल्लास के साथ अदा की गई। सभी लोगों ने नये कपड़े पहनकर मस्जिद के तरफ नमाज अदा के लिए पहुंचे और नमाज अदा किए। नमाज के बाद सभी ने एक दुसरे के साथ गले मिलकर ईद की बधाईयाँ दिया। सभी ने एक दुसरे के घर जाकर गले मिलकर सेवाईया खाई। बच्चो में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी बच्चो ने अपने से बड़ों से ईदी मांगी। ईद के अवसर पर मस्जिद को बहुत ही खूबसूरत लाइट से सजाया गया था। क्षेत्र में काफी चहल-पहल दिखाई दिया।

# डॉ परमेश्वर भगत ने ईद के मौके पर लोगों को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
ईद के मौके पर मुरमा ईदगाह में ईद-उल-फित्र की मुबारकबाद देते हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत कहा कि ईद एक ऐसा पर्व है जो आपसी भाईचारे और सौहार्द के मनाया जाता है। इसमें लोग शिकवे गिले को भूलकर एक दूसरों के साथ गले मिलते हैं और बधाईयां देते हैं। इस मौके पर हाजी शाकिर इस्लाही, शमीम आजाद, मांडर प्रखंड अंजुमन सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी, मांडर थाना छोटा बाबू, शमीम अख्तर, मो आलम, मुरमा पंचायत मुखिया बंधना उरांव, तौफिक अंसारी, मो राफे, सलमान सैय्यद एवं आसपास के हजारों की संख्या में लोग ईद की नमाज में उपस्थित थे।

# डॉ परमेश्वर ने सरहुल को लेकर लोगों को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने प्रकृति के पर्व सरहुल पर वीर बुधु भगत आदिवासी कॉलेज छात्रावास रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के साथ पूजा अर्चना एवं सरहुल समारोह में भाग लिया साथ ही पूरे झारखंड वासियों को प्रकृति पर्व सरहुल की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। श्री भगत ने कहा कि सरहूल का संदेश है कि प्रकृति के पेड़-पौधे, पहाड़, नदी, जमीन, सूर्य की तरह हम सभी आपस में प्रेम, भाईचारे और एकता के साथ रहे तथा समाज से जुड़े रहे।

### मांडर-चान्हो में शांतिपूर्ण मनाया गया ईद उल फित्र

**मांडर/चान्हो ।** प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार ईद बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। बुधवार शाम जैसे ही चांद की खबर मिली लोग तैयारी में जुट गए। सभी बच्चे बूढ़े और जवान में खुशी का ठिकाना न था। सुबह होते ही नहा धोकर नए नए कपड़े एवं खुशबू लगाकर कर अपने-अपने ईदगाह एवं मस्जिदों में चले गए जहां ईदुल फितर की नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दिए। ईदगाहों में कहीं कहीं तो बच्चों के लिए झूला एवं तरह-तरह की आइसक्रीम, छोला, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक , गुपचुप की दुकाने सजी थी, बच्चे जी भरके लुत्फ उठा रहे थे। बताया जाता यह त्योहार रोजे की समाप्ति का प्रतीक माना जाता है। ईद अल फितर उन सभी रोजेदारों के लिए अल्लाह की तरफ से ईनाम है। जिन्होंने रमजान के पाक महीने के दौरान रोजे रखे थे। यह रोजेदारों द्वारा रमजान के महीने के दौरान अल्लाह की इबादत करने और उनके बताए रास्ते पर चलने और उनका शुक्रिया अदा करने के लिए भी मनाई जाती है।

# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल फित्र की नमाज अदा कर एक-दूसरे को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रमजान के 30 रोजे के बाद लोगों ने बुधवार को चांद का दीदार किया। इसके बाद गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धूमधाम से ईद मनाया। बच्चे हों या बुजुर्ग सभी ने नए कपड़े पहनकर अपने नजदीकी ईदगाह या मस्जिदों में पूर्व निर्धारित समय पर सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की।

ईद के अवसर पर आज राजधानी समेत पूरे देश के ईदगाहों में पूरी अकीदत के साथ ईद उल फित्र की नमाज पढ़ी गई और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। रांची में पहली नमाज अहले सुबह डोरंडा स्थित अलफलाह मस्जिद में अदा की गई। यहां सुबह 6:15 बजे नमाज पढ़ी गई। वहीं, दूसरी नमाज कर्बला चौक स्थित मस्जिद ए अहले हदीस में हुई। इसके बाद अलग-अलग मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई। हरमू ईदगाह में भारी संख्या में नमाजी इकट्ठा हुए थे। कई ईदगाह नमाजियों से भर जाने के कारण लोग सड़कों पर भी नमाज अदा करते दिखे। इस दौरान प्रशासनिक पहल और सहयोग काफी चुस्त-दुरुस्त दिखा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी ईद के अवसर पर सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को हार्दिक बधाई दी।

**नमाज के दौरान दिखे सुबोधकांत और महुआ माजी**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आचार संहिता लागू होने के कारण रांची में कहीं भी नेताओं की तस्वीर वाले और ईद की बधाई वाले पोस्टर-बैनर नजर नहीं आए। नेता भी आचार संहिता का पालन करते दिखे। हरमू ईदगाह स्थल पर ईद की विशेष नमाज के दौरान पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय और जेएमएम की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी नजर आईं।

**नमाज के बाद खुशहाली की मांगी दुआ**

डोरंडा ईदगाह में ईद की नमाज मौलाना सैयद शाह अल्कमा शिबली कादरी ने पढ़ाई। मौके पर उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारगी और मोहब्बत का पर्व है। पूरे प्रेम और मोहब्बत के साथ पर्व को मनाएं। सभी धर्मों का सम्मान करें। गरीबों की मदद करें। ईद के मौके पर इमारत ए शरिया के काजी मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने अपने संदेश में कहा कि ईद की खुशियों में अपने आस-पड़ोस के उन लोगों को भी शामिल करें। जो किसी न किसी तरह से कमजोर हैं, उनकी मदद से नेकी मिलती है। वहीं, मुफ्ती मो. कमर आलम कासमी ने कहा कि ईद उल फित्र अल्लाह का शुक्र, दुनिया में एकता और विश्वास का त्योहार है। वहीं, हरमू ईदगाह के काजी ने कहा कि ईद पर उनका उनका पैगाम अमन चैन का है।

## खलारी में धूमधाम से मनाई गई ईद

# अमन चैन की मांगी गईं दुआएं



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी तथा कोयलांचल में ईद उल फित्र का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोग नहा धोकर नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने मस्जिद पहुंचे। खलारी के एकमात्र जेहलीटांड़ स्थित ईदगाह में सुबह आठ बजे ईद की नमाज अदा की गई। इसके अलावा जामा मस्जिद खलारी, खलारी बाजारटांड़, जेहलीटांड़, धमधमिया, हुटाप, जी टाइप, भूतनगर, डकरा, राय, पुरनीराय सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। मस्जिद के मौलाना ने सभी नमाजियों को ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान देश दुनिया और समाज में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोग एक दूसरे को ईद की बधाई दिए। ईद की नमाज शुरू करने से पूर्व लोगों ने जकात(दान) निकाला। ईद को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा था। क्षेत्र में पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। नमाज स्थलों पर सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। लोग देर शाम तक एक दूसरे के घर जाकर ईद की बधाई दिए तथा सेवई सहित अन्य पकवान खाए।

## खलारी में धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल

# भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न सरना स्थलों पर पाहन के साथ आदिवासी समुदाय के लोगों ने पूजा अर्चना की। दोपहर बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सरना समिति कमाती धौड़ा द्वारा महावीर नगर स्थित सरना स्थल पर बंधु पाहन ने अन्य पाहन के साथ मिलकर विधिवत पूजा अर्चना की। महिलाओं ने पूजा कर प्रार्थना किया। पाहन द्वारा फुलखोंसी किया गया। अपराह्न तीन बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें महिला-पुरुष परंपरिक वेशभूषा एवं नगाड़े, मांदर के साथ थिरक रहे थे। शोभा यात्रा महावीर नगर से केडी मुख्य बाजार होते हुए केडी अंबेडकर चौक तक गया। खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ट व थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह भी शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में लोग अबीर गुलाल लगाकर नाचते गाते चल रहे थे। मांदर की थाप पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। इस बार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से भी सरहुल शोभा यात्रा निकाली गई। सभी का मिलान खलारी ओवरब्रिज के समीप हुआ। जिसमें सरना समिति कमाती धौड़ा, अंबाटोंगरी, खलारी बाजारटांड़ पेट्रोल गोदाम, मायापुर, बुकबुका सरना समिति आदि शोभा यात्रा शामिल हुए। शोभा यात्रा में पाहन सचिन मुंडा, सुरजन पाहन, सिनोद पाहन, बिरजु उरांव, जिप सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया पारसनाथ उरांव, तेजी किस्पोट्टा, सुनीता देवी, पुतुल देवी, दीपमाला कुमारी, इंदिरा देवी, मुन्ना देवी, श्यामसुंदर सिंह, रतिया गंझू, रंथू उरांव, बहुरा मुंडा, रंजीत उरांव, सुभाष उरांव, राजकुमार उरांव, त्रिलोचन उरांव, रामलखन गंझू, प्रभाकर गंझू, किशुन मुंडा, अनिल पासवान, पंकज मुंडा, सुरेंद्र उरांव, प्रदीप उरांव, संतोष राम, अनूप उरांव, सुदामा उरांव, अभिमन्यु करमाली, मुकेश मुंडा, राजा केशरी, दिलीप महतो, रामकिशुन मुंडा, जोगेंद्र मुंडा, मनोज मुंडा, नीरज उरांव, के अलावा बुकबुका सरना समिति से करमा लोहरा, कुलदीप लोहरा, सोनी देवी सहित सहित काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### बोलबा प्रखंड के मछकट्टा जंगल में व्यापारियों से हुई लूटपाट, जांच में जुटी पुलिस

**बोलबा।** गुरुवार को बोलबा प्रखण्ड के मछकट्टा जंगल में व्यापारियों से लुटपाट होने की सूचना प्राप्त हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार साप्ताहिक बाजार बोलबा से केरसई के व्यापारियों ने बाजार में खरीद-बिक्री के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में मछकट्टा जंगल के पास लगभग आठ लोगो ने हथियार दिखाकर लगभग एक लाख रुपए लूट लिए।जिसमें विवेक प्रसाद,नंदू प्रसाद,शेखर प्रसाद एवं महमूद नामक व्यापारियों से लूटपाट हुई है।बताया गया कि पैसा नहीं देने की स्थिति में अपराधियों द्वारा हथियार सटाकर जान से मारने का धमकी दे रहे थे।घटना की सूचना तत्काल बोलबा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल करवाई करते हुए वाहनों की जांच शुरू कर दी है। साथ कि घटना की जांच में भी जुट गई है।

### ईद के बाद हरमू रोड में हमास के सर्मथन में लहराया फिलीस्तिनी झंडा



**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू बाईपास रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास ईद की नमाज के बाद कुछ युवकों द्वारा खुलेआम आतंकी संगठन हमास का समर्थन किया गया। इसके साथ ही युवकों ने फिलीस्तीन का झंडा भी लहराया। फिलीस्तीनी झंडे के साथ फोटो भी वायरल हो रहा है। इस बात की सूचना पुलिस को मिली है। हालांकि, इसके बाद पुलिस के आला अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया है। सुखदेव नगर थाना प्रभारी ने इस मामले पर बताया कि हमास के सर्मथन में कुछ युवाओं द्वारा फिलीस्तीन का झंडा लहराने की सूचना मिली है। इस पर जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। इस पूरे मामले पर सनहा दर्ज कराया गया है।

### ककरिया शिव मंडा पर्व को लेकर शिव के उपासक भोक्ताओं ने किया मंदिर प्रवेश



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के ककरिया में प्रत्येक वर्ष की तरह लगने वाले शिव उपासना का महापर्व मंडा के पावन मौके को लेकर गुरुवार को 26 भोक्ताओं ने मंदिर में प्रवेश किया। इस दौरान पुजारी आचार्य सुरेश देवघरिया के द्वारा विधिवत अनुष्ठान कराया गया । ककरिया मुख्य पथ की सफाई एवं लिपाई के बाद पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भोक्ताओं का नियमपूर्वक स्वागत किया गया। इस मौके पर पटभोक्ता महेंद्र लोहरा व रंजीत लोहरा के नेतृत्व में मां पार्वती को माथे पर रखकर गांव में प्रवेश किया गया । इस दौरान गांव की महिलाओं व पुरुषों के द्वारा उपवास रखकर अपने घरों के पास भोक्ताओं को धुप आरती दिखाकर और उनका पैर धोकर स्वागत किया। वहीं आज से ग्यारह दिनों तक भोक्ताओं के द्वारा फलाहार व शरबत का सेवन कर प्रतिदिन गांव के अलग-अलग सीमाओं पर पुजा अर्चना किया जाएगा । इस मौके पर सुरेश देवघरिया के साथ साथ ?शिव मंडा पूजा के आयोजक वनबिहारी साहु एवं प्रदीप साहु के साथ साथ समाजसेवी सुधीर चंद्र साहु, पूर्व मुखिया गंगाधर साहु, सुमित कुमार, चुनिया राम, सुभाष चंद्र साहु, उदय साहु, लक्ष्मी नारायण साहु, प्रशांत कुमार, प्रवीण कुमार, अनिल साहु, शुभम कुमार साहु, राहुल कुमार सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि आगामी 18 अप्रैल दिन गुरुवार को लोटन सेवा तथा 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को फूलखुंदी, जागरण एवं छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा जबकि 20 अप्रैल दिन शनिवार को झुलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## विवशता

## जलडेगा में हाथियों का कहर बदस्तूर जारी

# वन विभाग की कार्रवाई हवा हवाई



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के ढेंगुरपानी में बीती रात हाथियों ने फिर से कहर बरपाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झुण्ड से बिछड़े हाथी ने ढेंगुरपानी गंझु टोली निवासी रमेश प्रधान के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे अनाज को बर्बाद कर दिया। वहीं बगल के ही खाती टोली निवासी भीखनी किस्पोट्टा एवं कमेर्ला किस्पोट्टा के घर एवं अनाज को भी नुकसान पहंचाया। हालांकि परिवार के लोग किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। फिर हुटुबदा में बिनोद नाग का घर को निशाना बनाते हुए घर को ध्वस्त कर घर में रखे सभी अनाज को खा कर खत्म कर दिया। ज्ञात हो कि बिनोद नाग का घर को 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चार बार निशाना बन चुका है, अब घर रहने लायक नहीं है। प्रशासन से मदद की गुहार लगाने के बाद भी जब पीड़ित को मदद नहीं मिला तो परिवार के लोग डर के मारे अपने रिश्तेदार के यहां भाग गए हैं। अब विभाग ने कोई भी कार्रवाई की है वह हवा हवाई साबित हो रही है, लोगों के बेहतर साबित नहीं हो रही है। प्रखंड में विगत कई महीनों से लगातार हाथी उत्पात मचाते हुए घरों को तोड़ रहे हैं साथ ही गरीबों के फसल एवं अनाज को पूरी तरह बर्बाद कर रहे हैं बावजूद उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं। क्षेत्र में हाथी के चपेट में आकर कई ग्रामीण अपनी जान भी गवां चुके हैं विवशता ऐसी है की ग्रामीण परिवार की सुरक्षा की चिंता में रात भर सो नहीं पाते हैं।

**राजनीति चमकाने आते हैं नेता एवं जनप्रतिनिधि :** ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा की उन्हें महज वोट देने की मशीन बना दिया गया है नेता एवं जनप्रतिनिधि हमारे टूटे घर के निकट खड़े होकर फोटो खिंचाते और समाधान होगा कहकर चले जाते हैं लेकिन इस विकराल समस्या का समाधान कोई नहीं करता है।

**शाम होते ही गावों में पसर जाता है सन्नाटा**

हाथियों का खौफ प्रखंड वासियों में इस कदर बैठ गया है की शाम होते ही दूर दराज से प्रखंड मुख्यालय में काम से आये ग्रामीण चिंतित हो जाते हैं कई लोग तो काम अधूरा छोड़ वापस लौट जाते हैं वहीं शाम होते ही खौफ के साये में गावों में सन्नाटा पसर जाता है कि कहीं से हाथी के रूप में काल ना आ जाए वहीं वन विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में हाथी भगाने के लिए सामग्री तो बांट देते हैं किन्तु हाथियों के उत्पात को रोकने में सब नाकाम साबित होता है।

# धूमधाम से मनाया गया सरहुल का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/ चान्हो**
सरहुल का त्योहार क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया। सरहुल की पूजा अर्चना के बाद दोनों ही प्रखंडों में शोभायात्रा भी निकाला गया। चान्हो के सोंस में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जहां चान्हो एवं मांडर ,कुडू ,मुड़मा ब्रम्वे सहित आसपास के अन्य कई गांव से भी भव्य सरहुल शोभा यात्रा में शामिल हुए, वहीं दूसरी ओर मांडर प्रखंड में भी कई गांव के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। विभिन्न जगहों पर शोभायात्रा में शामिल हुए लोगों के लिए गुड़ चना एवं शरबत की भी व्यवस्था समाज सेवी के द्वारा की गई थी। भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने विभिन्न स्थानों में सरहुल जुलूस में शामिल हुए । लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल की बधाइयां दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा मानव एवं प्रकृति एक दूसरे के पूरक है। कोई किसी के एक के बिना किसी एक की कल्पना की ही नहीं जा सकती है। मांडर विधानसभा सहित पूरे राज्य के लोगों को उन्होंने सरहुल एवं ईद की बधाइयां दी। शोभायात्रा का मुस्लिम धमार्लंबियों ने मुड़मा चौक पर स्वागत किया।

# धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल, निकाली गई शोभायात्रा





नवीन मेल संवाददाता । रांची। रांची सहित पूरे राज्य में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम के साथ गुरुवार को मनाया गया। राजधानी रांची भी मांदर की थाप पर नृत्य करता रहा। कचहरी चौक से लेकर मेन रोड तक लाल पाड़ की साड़ी में महिलाएं और सफेद धोती पहन कर पुरुष नृत्य करते दिखे। विभिन्न गीतों पर आदिवासी समाज के लोग झूमते रहे। सरहुल महोत्सव में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री रांची में वीर बुधू भगत आदिवासी कॉलेज छात्रावास पहुंचे। वहां अखड़ा में पाहन ने उनका ढोल-नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए स्वागत किया। सरहुल पर शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे और बड़ी संख्या में पुरुष शामिल हुए। केंद्रीय सरना समिति की ओर से निकाली गई शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का चौक पहुंची। शोभायात्रा राजधानी रांची के विभिन्न हिस्सों के सरना स्थल से निकाली गई, जो मेन रोड से होते हुए सिरमटोली स्थल पर समाप्त हुई। शोभायात्रामें ट्रकों व वाहनों पर झांकियां भी निकाली गई थीं। आगे-आगे नृत्य करती मडंलियां चल रही थीं और पीछे से वाहनों में डीजे बज रहा था। इससे पूर्व, सभी मौजा के सरना स्थल में पूजा-अर्चना हुई। सरहुल के गीतों और ढोल-नगाड़े की आवाज से इलाका गूंजता रहा। इस दौरान महिलाएं और पुरुष नृत्य करते हुए सरना स्थल तक पहुंचे।










मुख्यमंत्री रांची में वीर बुधू भगत आदिवासी कॉलेज छात्रावास पहुंचे। वहां अखड़ा में पाहन ने उनका ढोल-नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए स्वागत किया।

## केकड़ा पकड़ने से हुई शुरुआत

सरहुल की शोभायात्रा निकलने से पहले कई तरह की परंपरागत रस्में निभाई गईं। पूजा-पाठ की शुरुआत बुधवार सुबह से हुई। विभिन्न मौजा के सरना स्थल में पाहन सहित ग्रामीण जुटे और उपवास पर रहते हुए आसपास के जलस्त्रोतों के पास जाकर केकड़ा और मछली पकड़ी। सरहुल के पूजा की परंपरा को लेकर केंद्रीय सरना समिति हातमा के पाहन जगलाल पाहन ने बताया कि दिन में केकड़ा-मछली पकड़ने के बाद शाम को सरना स्थलों पर दो नए घड़ों में पानी रखा गया। इस पानी को साल के वृक्ष की टहनियों से माप कर रख गया। उन्होंने बताया कि शाम की पूजा-अर्चना के साथ ही सरना स्थल पर मर्गो-मुर्गियों की बलि भी दी गई। यह बलि अलग-अलग देवताओं के साथ खराब आत्मा को भी दी गई।



## पाहन ने की भविष्यवाणी, इस बार अच्छी बारिश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मोरहाबादी स्थित हातमा सरना स्थल सहित शहर के अखड़ा और अन्य सरना स्थलों पर परंपरागत रीति-रिवाज से सरहुल की पूजा की गई। केंद्रीय सरना समिति हातमा में मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने विधिवत पूजा की। पूजा संपन्न होने के बाद मुख्य पाहन ने घड़े में रखे पानी की दिशा देखकर भविष्यवाणी की कि इस बार झारखंड में मानसून सामान्य रहेगा। झारखंड के हर क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी।

जगलाल पाहन ने साल वृक्ष के नीचे सूर्य, जल, धरती, जिन्हें यह देवता मानते हैं और उन्हें विभिन्न नाम से जानते हैं, उनके नाम से मुर्गे की बलि दी। मुख्य पाहन ने बताया कि सरहुल पूजा में पांच मुर्गे की बलि दी गई। सृष्टि करता सिंगबोंगा के लिए सफेद मुर्गा, देवता के लिए माला मुर्गा, ग्राम देवता के लिए लाल मुर्गा, पूर्वजों के लिए लूपुंग मुर्गा और खराब आत्मा से मुक्ति के लिए काले मुर्गे की बलि दी गई। इसके बाद उन्होंने जल से भरे घड़े को देखा। पूजा के बाद इस जल भरे घड़े से पाहन को स्नान कराया गया। इसके बाद उन्होंने भविष्यवाणी की इस साल अच्छी बारिश होगी। उन्होंने किसानों को समय पर खेती-बाड़ी करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि अनावश्यक रूप से हम प्रकृति का दोहन ना करें। उनका संरक्षण करना चाहिए।

## झारखंड में हर प्रकार का नेतृत्व महिला शक्ति के हाथों में होगा : डॉ एससी दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि आने वाले समय में झारखंड देश के अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा तथा इस प्रांत का सामाजिक, आर्थिक, अकादमिक, राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व महिला शक्ति के हाथों में होगा। बीएयू में आयोजित सरहुल महोत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में प्रारंभ से ही कृषि और इससे संबद्ध गतिविधियों का 80-90 प्रतिशत हिस्सा महिलाएं संपादित करती रही हैं। अब राज्य में शिक्षक, डॉक्टर, नर्स, रेस्टोरेंट कर्मी, होटल के रिसेप्शनिस्ट, सब्जी विक्रेता आदि के रूप में ज्यादा महिलाएं ही दिख रही हैं, जो राज्य के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। हॉकी, तीरंदाजी आदि खेलों में भी झारखंड की लड़कियां देश का प्रतिनिधित्व और नेतृत्व करती रही हैं। बीएयू सहित राज्य के तकनीकी संस्थानों में लड़कियों का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। सरहुल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शोभायात्रा में भी भाग लेने वाले विद्यार्थियों में 80-90 प्रतिशत छात्राएं ही रहीं। महिलाओं के शिक्षित, समर्थ और जागृत होने से समाज ज्यादा सुदृढ़ होता है। कुलपति ने कहा कि सरहुल सहित भारत की धार्मिक परंपराएं विज्ञान से जुड़ी हुई हैं, इसलिए पर्व-त्योहारों के वैज्ञानिक पक्ष पर चिंतन होना चाहिए।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि पिठोरिया में धूमधाम मनाया गया सरहुल महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय पिठोरिया नवाटोली में गुरुवार को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही, प्रकृति एवं पेड़ों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मौके पर मुख्य अथिति के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठोरिया की संचालिका ब्रह्माकुमारी (बीके) राजमती, भारतीय जनता युवा मोर्चा के कला एवं खेल प्रकोष्ठ, रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी मौजूद थे। इस अवसर पर संस्था की ओर से भक्तों के बीच भोग का भी वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से बीके वीना, कविता सेन, उर्मिला देवी, लीला देवी, सीमा उरांव, सीता उरांव, निर्मला उरांव, इंद्रा देवी, विरासमुनी देवी, कुसुम राठौर, शीला देवी, महेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## श्री महावीर सेना ने रवि कुमार पिंकू को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नवगठित श्री महावीर सेना, चौधरी पेट्रोल पंप, बूटी ने गुरुवार को श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू को पुष्पगुच्छ एवं भगवान श्रीराम का पट्टा देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में श्री महावीर सेना के अध्यक्ष कुंदन सिंह (मुन्ना), मंत्री मनोज ठाकुर, वरीय उपाध्यक्ष कृष्णकांत झा, शंभू नाथ प्रसाद, जुगल किशोर, रंजीत ठाकुर, विकास मिश्रा सहित कई रामभक्त शामिल थे।



## श्री महावीर मंडल रांची की सलाहकार समिति गठित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महावीर चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट सभागार में गुरुवार को श्री महावीर मंडल, रांची के पदाधिकारी व मंडल के सलाहकार समिति की बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने की। श्री राम स्तुति के साथ बैठक की शुरुआत हुई । अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने बताया कि चुनाव के बाद कार्य समिति के गठन के साथ ही मंडल के संविधान संवत सलाहकार समिति का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से हीरालाल साहू, यदुनाथ पांडेय, जयप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र साहू, रामधन बर्मन को रखा गया है। आज की बैठक में सलाहकार समिति के सदस्यों को पदाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र श्रीराम के दुपट्टे, चुनरी देकर सम्मानित व अभिनंदन किया गया। मौके पर सलाहकार समिति के रामधन बर्मन, यदुनाथ पांडेय, डॉ वीरेंद्र साहू, हीरालाल साहू और जयप्रकाश गुप्ता ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने वर्तमान मंडल के पदाधिकारी को बधाई दी एवं श्री रामनवमी महोत्सव में तन, मन और धन से पूरी तरह सहयोग का आश्वासन भी दिया। श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने नए सलाहकार समिति को बताया कि हमारी टीम सभी रामनवमी अखाड़ाधारियों के यहां जाकर उनकी समस्या और सुझाव को सकारात्मक रूप में लेते हुए हर संभव मदद करने का उन्हें आश्वासन दे रही है।



### श्री महावीर मंडल ने लगाया शिविर

**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक पर श्री महावीर मंडल, रांची ने शिविर लगाकर सरहुल पर्व की शोभायात्रा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल लोगों के बीच सौंफ, इलायची, बादाम, किशमिश, मिश्री सहित पानी का भी वितरण किया गया। श्री महावीर मंडल, रांची के शिविर में मुख्य रूप से अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता, राज किशोर, मंत्री दीपक ओझा, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, प्रेम चंद चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने अपनी सेवा दी।

## 16 दिनों तक चला गणगौर पर्व विसर्जन के साथ हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी समाज का लोकप्रिय त्योहार गणगौर पर्व उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को संपन्न हुआ। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि गणगौर पर्व मारवाड़ी समाज का प्रमुख त्योहारों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में होलिका दहन के दूसरे दिन से लगातार 16 दिनों तक कुंवारी लड़कियां एवं नव विवाहिता ईशर-गोरा (शिव पार्वती) की पूजा करती हैं।

गुरुवार को सभी महिलाएं परंपरागत राजस्थानी पोशाक पहनकर पूरे विधि विधान से गणगौर की पूजा की। गणगौर को पारंपरिक व्यंजनों में मिठाई, फल, हलवा, पूड़ी और गेहूं चढ़ाया गया तथा अनुष्ठान के साथ उद्यापन किया गया। महिलाएं आपस में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। राजस्थानी गणगौर की मंत्र मुग्ध लोकगीतों के साथ नाचते-गाते हुए तालाबों में गणगौर की प्रतिमा के



विसर्जन किया और इसके साथ 16 दिनों से चल रहा गणगौर महोत्सव का समापन हुआ। संजय सर्राफ ने बताया कि गणगौर पूजा हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को होती है। इस दिन कुंवारी कन्या और सुहागन महिलाएं व्रत रखती हैं। माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। गणगौर दो शब्दों से बना है गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ पार्वती से है। वास्तव में गणगौर पूजन में मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा होती है।

उन्होंने बताया कि नवरात्रि के तीसरे दिन यानी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला गणगौर का त्योहार स्त्रियों के लिए अखंड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है। गणगौर पर्व पवित्रता, भक्ति, वैवाहिक प्रेम का प्रतीक तथा सामूहिक पूजा, प्रार्थना और उत्सव के माध्यम से पारिवारिक बंधन, सामूहिक सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देता है।

# माई समीकरण पर भाजपा भारी, निशिकांत लगाएंगे चौका!

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**
गोड्डा लोकसभा सीट राज्य का सबसे हॉट सीट माना जाता है, यहां के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे रोजाना एक नये खुलासे के लिए हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में मधुपुर, देवघर, जरमुंडी, पोरेयाहाट, गोड्डा और महगामा छह विधानसभा सीटें शामिल हैं। गोड्डा और देवघर विधानसभा पर भाजपा का कब्जा है, तो पोरैयाहाट,जरमुंडी, महगामा विधानसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा और मधुपुर झामुमो के खाते में है। कभी गोड्डा सीट पर कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन 1991 और 2004 छोड़कर 1989 से 2019 तक भाजपा ने लगातार जीत दर्ज करती रही है, इस दौरान भाजपा के दो सांसदों ने जीत की हैट्रिक भी लगाई है। गोड्डा, देवघर और दुमका जिलों में फैला गोड्डा लोकसभी सीट कृषि और कोयला खदानों के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र सुंदर नदी बहती है। यहां की ज्यादातर आबादी कृषि पर निर्भर है।

## चौथी जीत के लिए निशिकांत दुबे ठोक रहे ताल



झारखंड राज्य बनने के बाद पहली बार 2004 का लोकसभा चुनाव हुआ, जिसमें कांग्रेस के फुरकान अंसारी ने जीत हासिल की। उसके बाद 2009 में गोड्डा सीट से निशिकांत दुबे भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे और कांग्रेस के फुरकान अंसारी को हरा कर जीत हासिल की, उसके बाद 2014 और 2019 में भी निशिकांत दुबे ने जीत कर हैट्रिक लगाई।इस तरह गोड्डा सीट पर भाजपा के दो सांसदों ने जीत की हैट्रिक लगी। अब निशिकांत दुबे चौथी बार जीत दर्ज करने के लिए फिर से मैदान में हैं।

## मुस्लिम और ब्राह्मण हैं निर्णायक वोटर

गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 20 लाख के करीब है। जिसमें सबसे अधिक साढ़े तीन लाख की आबादी मुस्लिमों की है, इसके बाद ब्राह्मण,वैश्य और यादवों की आबादी भी ढ़ाई-ढ़ाई लाख है, इसके अलावा राजपूत, भूमिहार और कायस्थ की संख्या एक लाख से अधिक है, आदिवासियों की संख्या भी डेढ़ लाख से अधिक है। इस समाजिक समीकरण में अल्पसंख्यक और यादव वोटर कांग्रेस के वोटर माने जाते हैं,जबकि वैश्य और स्वर्ण जाति के लोग भाजपा के कोर वोटर माने जाते हैं। जिसके कारण तीन दशक से माई समीकरण पर भाजपा भारी है।

## इंडी गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार

गोड्डा लोकसभा से भाजपा के सीटिंग सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ इंडी गठबंधन ने अभी तक अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। यह सीट कांग्रेस के खाते में है, जहां से कई दावेदार हैं। महगामा विधायक दीपिका पांडेय, पोरैयाहाट विधायक प्रदीप यादव और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के नाम प्रमुख दावेदारों में लिया जा रहा है। निशिकांत दुबे 2009 और 2014 में दो बार फुरकान अंसारी और 2019 में प्रदीप यादव को शिकस्त दे चुके हैं।





## 1962 में लोकसभा सीट का मिला दर्जा

गोड्डा लोकसभा सीट पर पहली बार 1962 में चुनाव हुए और कांग्रेस के प्रभुदयाल हिम्मत सिंह सांसद चुने गए । 1967 में भी प्रभु दयाल हिम्मत सिंह चुनाव जीतने में सफल रहे, लेकिन 1971 में कांग्रेस ने जगदीश मंडल को टिकट दिया और वे भी जीतने में सफल रहे। 1977 में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय लोकदल के जगदंबी प्रसाद यादव यहां से जीतने में सफल रहे। इसके बाद 1980 और 1984 में कांग्रेस के समीनउद्दीन जीत हासिल की।

## दो भाजपा सांसद ने लगाई जीत की हैट्रिक

**1989 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन यादव पहली ने पहली बार कमल खिलाया, लेकिन दो साल बाद ही 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सूरज मंडल ने भाजपा से गोड्डा सीट छीन ली। परन्तु भाजपा के जगदंबी प्रसाद यादव ने 1996 में झामुमो से सीट छीन कर ना सिर्फ भाजपा के झोली में डाल दिया, बल्कि लगातार 1998 और 1999 लोकसभा चुनाव में भी जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई।**

### भाजपा कार्यालय में मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयंती

# ज्योतिबा फुले के आदर्शों पर चलने की जरूरत : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में गुरूवार को प्रदेश कार्यालय में महान दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि दलितों और निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए ज्योतिबा ने 1873 में 'सत्यसोधक समाज' की स्थापना की थी। उनकी समाज सेवा देखकर 1888 ई. में मुंबई की एक विशाल जनसभा में उन्हें 'महात्मा' की उपाधि दी गई। आज हम सब को उनके आदर्श पर चलने की जरूरत है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि ज्योतिबा फुले का समाज के लिए योगदान अविस्मरणीय है। ज्योतिराव गोविंदराव फुले महाराष्ट्र के एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी, जाति-विरोधी समाज सुधारक और लेखक थे। उनका काम कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिसमें अस्पृश्यता और जाति व्यवस्था का उन्मूलन और महिलाओं और उत्पीड़ित जाति के लोगों को शिक्षित करने के उनके प्रयास शामिल हैं। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि ज्योतिबा फुले 19वीं सदी के एक महान समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महात्मा फुले एवं ज्योति बा फुले के नाम से भी जाना जाता है। इन्हों ने अपना पूरा जीवन स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार दिलाने, बाल विवाह को बंद कराने में लगा दिया। फुले समाज की कुप्रथा, अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। 28 नवंबर, 1890 को 63 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री जोगेंद्र लाल, प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राजीव राज लाल, विस्तारक संयोजक मनोज दुबे, विस्तारक सह संयोजक सुबोध कांत एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# चतरा सीट को लेकर राजद-कांग्रेस में खींचतान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची एनडीए ने राज्य के सभी 14 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है, वहीं इंडी गठबंधन में एक-दो सीट को लेकर खींचतान जारी है। इंडी गठबंधन के फामूर्ले के अनुसार में कांग्रेस 7,झामुमो 5,राजद और वाम दल एक-एक सीट पर लडेंगे। जिसमें कांग्रेस ने अभी तक केवल तीन, झामुमो ने चार सीटों पर ही अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है।**

## चतरा सीट पर विवाद कायम



चतरा सीट पर राजद और कांग्रेस दोनों दावा कर रहे हैं। अभी भी यह साफ नहीं हो पाया है कि चतरा से कांग्रेस या राजद किसका प्रत्याशी होगा। हालांकि दोनों पार्टी के प्रवक्ता का दावा है कि एक-दो दिन में स्थिति साफ हो जाएगी और प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। राजद के महासचिव और प्रवक्ता कैलाश यादव का कहना है कि चतरा सीट पर राजद का ही दावा बनता है,यहां से राजद का मजबूत जनाधार है। हर गांव और घर में लालू यादव की लोकप्रियता आज भी कायम है। कांग्रेस को चतरा सीट राजद को देना चाहिए, पिछली बार राजद और कांग्रेस के मैदान में उतरने से भाजपा को फायदा मिल गया। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिंहा ने कहा कि चतरा सीट पर कांग्रेस का ही दावा बनता है। पिछली बार राजद प्रत्याशी के अपेक्षा कांग्रेस को अधिक वोट मिले थे। गठबंधन में सारी बातें तय हो चुके हैं। बाहर बात करने का कोई औचित्य नहीं है। यह गठबंधन लोकतंत्र, संविधान बचाने के लिए और किसानों को न्याय दिलाने के लिए बना है। कांग्रेस नेतृत्व जल्द इस मामले को सुलझा लेगा।



## पांच सीटों पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा का इंतजार

कांग्रेस ने खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत और हजारीबाग से जेपी पटेल के नाम की घोषणा की है। जबकि कांग्रेस को धनबाद, गोड्डा, चतरा और रांची में नामों का खुलासा करना बाकी है। झामुमो ने अपने कोटे के पांच में से चार सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। झामुमो ने गिरिडीह से मथुरा महतो, दुमका से नलिन सोरेन, राजमहल से विजय हांसदा और सिंहभूम से जोबा मांझी के नाम की घोषणा कर दी है। लेकिन जमशेदपुर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। राजद कोटे के पलामू सीट से ममता भुइयां और वाम दल के कोटे के कोडरमा सीट पर भाकपा माले के बगोदर विधायक विनोद सिंह के नाम की भी घोषणा हो चुकी है। इस तरह कुल पांच सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जानी है।

## अंधेरा के कारण महिलाओं को हुई काफी पेरशानी

**रांची।** सरहुल शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई थीं। रात में उन्हें लौटने के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल,सरहुल की शोभायात्रा में बड़े झंडे ले जाए जाने की परंपरा के कारण रांची में दिन में 3 बजे से रात 10-11 बजे तक लाइन काटे जाने की व्यवस्था चली आ रही है। इस कारण रात 11 बजे तक रांची के कई इलाकों में अंधेरा था। रांची में जब अधिकांश इलाकों में बिजली के तार अंडरगाउंड हो गए हैं, तो फिर रात में बिजली काटने की कोई जरूरत नहीं लगती है। इधर, सड़कों पर बहुत जगहों पर गड्ढे होने के कारण महिलाएं गिरती भी देखी गईं। वैसे, रात में करीब सवा 10 बजे लाइन आ गई थी जिससे महिलाओं को कुछ राहत मिली।

# 'मिट्टी की धरोहर' सम्मान से सम्मानित हुए अर्चित आनंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अर्चित आनंद को नई दिल्ली के लोककला मंच में 'मिट्टी की धरोहर' सम्मान से सम्मानित किया गया है। प्रकृति की रक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की दिशा में अर्चित आनंद की मेहनत और लगन को अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आवर मिट्टी फाऊंडेशन' ने पहचाना और सम्मान दिया। ज्ञात हो कि अर्चित जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण पर पिछले बीस वर्षों से देश के विभिन्न राज्यों विशेषकर झारखंड काम कर रहे हैं। इस अवसर पर अर्चित आनंद ने सभी का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने कहा कि हम सब आज प्रकृति के हर स्वरूप का दोहन कर रहे हैं। हमें अपने सुरक्षित भविष्य के लिए इसको रोकना होगा। विकास वर्तमान की जरूरत है, पर अंधकारमय भविष्य की कीमत पर नहीं। मौके पर प्रमोद कुमार सुमन, डॉ ज्वाला प्रसाद सहित कई गण्यमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन नीदरलैंड से आए लोकगायक राजमोहन की मधुर संगीत प्रस्तुति से हुआ।



# कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल पर चलेगा दल-बदल कानून : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि हजारीबाग लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के खिलाफ दल-बदल मामला चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र महतो ने जेपी पटेल की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने के आवेदन को स्वीकार कर लिया है।भाजपा नेता ने कहा कि जेपी पटेल ने 2019 में भाजपा के चुनाव चिन्ह पर मांडू से जीत दर्ज की थी और विधायक बने थे, लेकिन हजारीबाग लोकसभा सीट से कांग्रेस का प्रत्याशी बनने के पहले जेपी पटेल ने ना तो विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया और ना ही भाजपा की सदस्यता से । ऐसे में दलबदल कानून के तहत स्वतः उनकी सदस्यता समाप्त हो जानी चाहिए। अब विधानसभा न्यायाधिकरण में जेपी पटेल पर दलबदल का मामला चलेगा। उन्होंने सीता सोरेन का उदाहरण देते कहा कि सीता सोरेन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले झामुमो और विधानसभा दोनों की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। जेपी पटेल को भी सीता सोरेन का अनुशरण करना चाहिए था।



## न्यूज बॉक्स

### सरहुल प्रकृति की उदारता का उत्सव है : कल्पना सोरेन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गुरुवार को प्रदेशवासियों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति की उदारता का उत्सव है। कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, जैसे ही सखुआ के पेड़ों पर फूल खिलने लगते हैं, हमें एक बार फिर प्रकृति के अमूल्य उपहारों का आभार व्यक्त करने का पवित्र अवसर मिलता है। पीढ़ियों से, सरहुल हमारे लिए, जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाले हमारे पूर्वजों को याद करने का पावन पर्व भी रहा है। इस दिन हम पूजा करने के साथ-साथ सुंदर फूलों से आच्छादित सखुआ के पेड़ के नीचे एकत्रित होकर भोज करते हैं, हर्षोल्लास से नाचते-झूमते हैं और सभी की खुशहाली की कामना करते हैं। उन्होंने आगे लिखा, जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। सखुआ का पेड़ केवल एक प्राचीन प्रतीक ही नहीं है। इसके पत्ते, फूल और लकड़ी हमारे खाद्य, औषधीय और जीवन-उपयोगी सामग्री के अमूल्य स्रोत भी हैं। सरहुल का पर्व मनाकर, हम प्रकृति की रक्षा के प्रति एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी को दोहराते हैं। मैं पूरे देश को सरहुल के पावन पर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती हूं।

### आजसू नेता सुदेश महतो ने ईद पर राज्यवासियों को दी बधाई



**रांची।** केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने समस्त राज्यवासियों को ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार हमें प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। खुशहाल जीवन के लिए स्नेह, प्रेम और दया सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं इसे हम सभी को अपनाने की आवश्यकता। ईद का यह मौका गरीबों और जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों के रंग भरने के साथ ही गीले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाने का होता है। ईद के मौके पर सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय सचिव मोशिन खान के घर पहुँचकर परिवारजनों के संग ईद की खुशियां बांटी। उन्होंने पूरे परिवार को ईद की ढेरों बधाई दी। मौके पर पार्टी के महासचिव खालिद खलील, केंद्रीय संगठन सचिव एस अली, वसीम खान, शादाब राजा, फैज खान, मुकेश कुमार, रमिश राजा, सनी खान, अख्तर हुसैन, आरिज फैज समेत कई लोग उपस्थित थे।

### ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वालों से पांच दिनों में 1055 का कटा चालान



**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पांच दिनों में कुल 1055 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 205, 188, 255, 188 और 219 चालान शामिल हैं ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने गुरुवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, अनधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घूमने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए चालान काटा जा रहा है। यह अभियान जारी रहेगा।

### हम जीवन के हर पग पर प्रकृति से जुड़े रहते हैं : आशा लकड़ा

**रांची।** जनजातीय सुरक्षा मंच की ओर से प्रकृति के पूजन के महापर्व सरहुल पर रांची विश्वविद्यालय, गेट के पास स्वागत सह सांस्कृतिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें जनजाति सुरक्षा मंच के मुख्य पाहन विमल पाहन की ओर से सभी को शखुआ फुल खोंसकर, अबीर गुलाल एवं पूजीत सिंदूर का तिलक लगाया गया। शोभायात्रा में विभिन्न टोलियों, मुहल्लों और गांवों के सभी पाहनों का मेघा उरांव ने चरण धोकर आशीर्वाद प्राप्त किया। चना, गुड़, शरबत और पानी का वितरण किया गया। इस शोभायात्रा में सरहुल के अवसर पर राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा भी मौजूद थीं। लकड़ा ने प्रकृति के प्रति लगाव का बखान करते हुए कहा कि हम जीवन के हर पग पर प्रकृति से जुड़े रहते हैं। पर्व त्यौहार, रीति-रिवाज, हर संस्कार में प्रकृति की आवश्यकता होती है। आज जरूरत है इसके संरक्षण और संवर्धन की। हम सब पर धरती माता, सरना माता, महादेव और सभी का आशीर्वाद सदैव बना रहे। सभी एकजुट होकर, मिलकर रहें, पूरे शांति और सौहार्द से त्योहार मनाएं।

### सुबोधकांत सहाय का नाम तय, औपचारिक घोषणा जल्द

**रांची।** रांची लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में सुबोधकांत सहाय का नाम लगभग तय हो गया है, सिर्फ औपचारिक घोषणा होना बाकी है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर अहमद के लौटते ही संभवतः सुबोधकांत के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। इसी तरह चतरा लोकसभा सीट से भी राजद अपने उम्मीदवार की घोषणा कर सकता है।



### चैंबर भवन में व्यापार उद्योग की समस्याओं और इनके निराकरण पर हुई चर्चा

# उप समितियों के चेयरमैन अपने कार्य को राज्य स्तर पर विस्तार दें : किशोर मंत्री

**चैंबर उपाध्यक्ष ने पैनी नजर बनाए रखने की अपील की**

**उप समितियों को और अधिक सशक्त बनाने पर बनी सहमति**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की सभी उप समितियों के चेयरमैन की संयुक्त बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में संपन्न हुई। बैठक में व्यापार उद्योग की वर्तमान में जारी समस्याओं और उनके निराकरण पर चर्चा हुई। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और राहुल साबू ने सभी उप समितियों से व्यवसाय जगत की समस्याओं पर पैनी नजर बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि उप समिति चेयरमैन जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ भी बैठक कर हर जिले की व्यावसायिक समस्याओं को एकत्रित करें और कार्रवाई करें। बैठक के दौरान उप समिति चेयरमैन द्वारा कई सुझाव भी दिए गए, जिसके तहत उप समितियों को और अधिक सशक्त करने पर सहमति बनी। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी उप समितियों के चेयरमैन से आग्रह किया कि वे राज्यस्तर पर अपने कार्य को विस्तार दें और समस्याओं के निपटारे में सकारात्मक भूमिक निभाएं। यह प्रयास करें कि प्रत्येक उप समितियों में प्रदेश के सभी जिलों से एक-एक व्यापारी प्रतिनिधि बतौर सदस्य शामिल रहें, ताकि जिला स्तर पर जारी समस्याओं के निपटारे में कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। आवश्यकता हो तब प्रमंडलों के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का भी सहयोग लें। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया ने उप समितियों के चेयरमैन से चैंबर हित और व्यापार हित में काम करने की सलाह देते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कमिटियों की संख्या सीमित करने को भी जरूरी बताया। उप समितियों के चेयरमेन ने इस माह एग्रो इंडस्ट्री पर दो दिवसीय प्रदर्शनी, स्टार्टअप्स कंपनियों के बीच टॉक शो, महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों को उपयुक्त मार्केट दिलाने के प्रयास, इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पर सेमिनार और चैंबर पत्रिका का प्रकाशन करने की बात कही। पॉल्यूशन बोर्ड से सीटीओ, सीटीई मिलने में होनेवाली परेशानी, पावरकट की समस्या, बिना एनओसी दिए कंपनियों द्वारा किसी दूसरे को डिस्ट्रीब्यूटर्स बनाने में हो रही परेशानी तथा बालू की कमी के कारण हो रही कठिनाई पर भी चर्चा की गई। चैंबर के सह सचिव अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से उप समितियों को अधिक से अधिक गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उप समितियों के प्रयास से हर सेक्टर में व्यापारियों को सुविधा मिल रही है। उन्होंने विशेष रूप से रेलवे, उद्योग, एग्रो इंडस्ट्री, टूरिज्म, सीविल एवीएशन, एफएमसीजी, लैंड रिफॉर्म्स, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमिता, लॉ एंड ऑर्डर, जीएसटी उप समिति के द्वारा किये गये प्रयासों की भी सराहना की। बैठक में चैंबर की कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, नवजोत अलंग, संजय अखौरी, साहित्य पवन, विमल फोगला, डॉ अभिषेक रामाधीन, उप समिति चेयरमेन अविराज अग्रवाल, तुलसी पटेल, आनंद जालान, अनिस सिंह, किशन अग्रवाल, सुबोध चौधरी, अंकिता वर्मा, रमेश साहू,समेत कई लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) के प्रतिनिधिमंडल ने मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल कर रहे थे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि सीएम को रामनवमी पर युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति ने अल्बर्ट एक्का चौक के समीप बनाए जा रहे सेवा शिविर में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल होने का न्योता दिया है। समिति के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी है। वे रामनवमी पर 17 अप्रैल को मंच पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। नंद किशोर सिंह चंदेल ने बताया कि मुख्यमंत्री से रामनवमी की तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई है। शिविर के माध्यम से समिति रामनवमी में शामिल होने वाली सभी शोभायात्रा का स्वागत करेगी। इसके साथ ही समिति के सदस्य भक्तों का स्वागत चुनरी, गमछा, माला, अंगवस्त्र, गुड़, चना और मिनरल वाटर वितरित कर करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल, मुख्य संयोजक उज्ज्वल कुमार सिन्हा, वरिष्ठ संरक्षक राजू काठपाल, मुख्य सलाहकार लखन कुमार,आयुष कुमार सिंह और भव्य कुमार सिंह शामिल थे।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी बाइक की चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

**जलडेगा।** ओड़गा ओपी अंतर्गत ओडगा निवासी बलराम साहु नामक एक युवक के घर के बाहर खड़ी बाइक की चोरी हो गई। पीड़ित बलराम साहु ने कहा की घटना रात 1.30 बजे की है। गाड़ी का नंबर ओडी 1 4वी5 233 और नाम हीरो ग्लैमर है। पंचायत भवन के पास चौराहे में लगे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार रात को एक युवक घर से बाइक को ढेकलकर सारूबाहर रोड की ओर गया है। पूरा घटना सीसीटीवी में कैद है।मामले पर ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि इस संबध में मामला दर्ज कर, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जगह जगह छापेमारी कर रही है। चोरी की घटना में जो भी शामिल हैं उन्हें बक्शा नहीं जायेगा।

### कुरडेग में अकीदत के साथ मनी ईदुलफित्र

**कुरडेग।** खुशियां और आपसी भाइचारे का त्योहार ईदुल फित्र बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाके में उत्साह का माहौल रहा। ईद पर गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगो ने अपनी सुविधा के अनुसार जामा मस्जिद और रजा मस्जिद कुरडेग पहुंच कर ईद की नमाज अदा की।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन कुछ दिन पहले ही शांति समिति की बैठक सभी गणमान्य लोगों के साथ की थी।पर्व के दौरान मस्जिद एवं चौक चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात रहे युवा बुजुर्ग और बच्चों में नमाज अदा करने की खुशियां देखी गई।मुस्लिम समाज के प्रमुखों ने दोनो मस्जिदों में नमाज की समय सीमा पहले ही तय कर दी थी। रोजेदारों ने जरूरत मंदों को दान देकर दुआएँ कबुल की। बच्चों में ईदी पाने की खुशियाँ देखी गई। बच्चों एवं जवानो ने बुजुर्गो से गले मिलकर आर्शिवाद लिया। इस अवसर पर लोग एक दुसरे को उपहार देकर शुभकामनाएँ दी। दिन भर मुस्लिम मोहल्लों में चहल पहल देखी गई।

**कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आरंभ**

# 501 भक्तों ने लिया जमुनिया नदी से भरा जल कलश




**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के डुमर पंचायत अंर्तगत बेडम गांव में आयोजित पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह छः बजे बेडम से निकला कलश यात्रा बिष्णुगढ के जमुनिया नदी पहुंचा जहां आचार्य पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। भक्तों ने 15 किलोमीटर दुरी तय कर जमुनिया नदी पहुंचा। पुरे क्षेत्र जय श्री राम के नारों के साथ गुंज उठा। कलश यात्रा का शुभारंभ टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संग अध्यक्ष संतोष मंडल,मुखिया ममता कुमारी ने फीता काट कर किया। यज्ञ 11 अप्रैल जल यात्रा से प्रारंभ होकर 15 अप्रैल को भंडारा के साथ समाप्त होगा।प्रमुख ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र भक्तिमय होता है। लोगों को यज्ञ में शामिल होना चाहिए ताकि मन को शांति मिले। लोगों ने बेडम से लेकर जमुनिया नदी तक जय श्री राम के नारा लगाते रहा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, राजु यादव, कृपाशंकर पांडेय, मुकेश मंडल,अशोक प्रसाद, पंकज मंडल, मुकेश साव,चंदन ठाकुर, सुजीत रजक समेत अन्य शामिल हुआ। कलश यात्रा को सफल बनाने में कमिटि के अध्यक्ष रोहित प्रसाद,भोला शर्मा, उपाध्यक्ष जीवाधन प्रसाद, प्रभु मंडल,सचिव धानेश्वर महतो, महादेव मिस्त्री, उपसचिव टहल महतो, नारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष बब्लु प्रसाद, संदीप गंझू, उपकोषाध्यक्ष विरेंद्र गंझु, संदीप कुमार, विरेंद्र प्रसाद, नारायण महतो, युगल प्रसाद समेत अन्य सैकड़ों भक्त गण शामिल थे।

# आदिवासी एकता मंच ने धूमधाम से मनाया सरहुल पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** आदिवासी एकता मंच के तत्वावधान में सरहुल पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरना स्थल से बिरसा चौक होते हुए जयपाल सिंह मैदान तक सरहुल शोभा यात्रा निकाली गयी। सरहुल शोभा यात्रा में काफी संख्या में महिला पुरुष नाचते गाते शामिल हुए।सरहुल शोभायात्रा बिरसा चौक पहुंचने पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। शोभा यात्रा का स्वागत भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति के द्वारा किया गया शोभायात्रा में शामिल लोगों के बीच शरबत का विचारण किया गया। यहां प्रदीप सिंह, अरविंद साहू ,विक्की मेहता,मो साबिर, संतोष साहु,दीपक होरो, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।इससे पुर्व स्टेशन रोड स्थित सरना स्थल में पाहन परमोद लुगुन, पीटर समद, सेलेम समद, जेवियर कन्डुलना, बिरसा समद ने सरना स्थल में विधिवत पूजा अर्चना किया इसके बाद सभी के सखुआ फुल दिया। जयपाल सिंह मैदान में नाच गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सिंजांग, पाहन टोली बानो के नृत्य मंडलियो ने भाग लिया।

# प्रकृति पर्व सरहुल की निकली गई शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** प्रकृति पर्व सरहुल जिले में गुरुवार हर्षोल्लास मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम सलडेगा स्थिति सरना स्थल में साल वृक्ष की पूजा-अर्चना की गई। बाबूलाल उरांव पहान ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराया। इसके बाद सभी ने एक साथ विनती-प्रार्थना की। पूजनोपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद अपराह्न में धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। मांदर व नगाड़े के थाप पर व स्थानीय लोक गीतों की धुन पर लोग थिरकते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में सरना समिति के अध्यक्ष पूणा बेसर अन्य पदाधिकारियों ने शोभायात्रा की अगुवाई की। वहीं लाल व सफेद रंग के पट्टेदार साड़ियां पहनीं महिलाएं सामूहिक नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शरीक हुई। युवा सरहुल शोभायात्रा के बैनर व ध्वज थामे हुए थे। शोभायात्रा सलडेगा से प्रारंभ होकर प्रिस चौक-महावीर चौक, नीचे बाजार आदि जगहों से भ्रमण करते हुए पुनःनगर भवन के समीप स्थित सरना स्थल पहुंची।

**पारंपरिक विधि के साथ मनाया गया सरहुल महापर्व**

# सरहूल पर्व के साथ नए साल की शुरूआत होती है : पहान



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** आदिवासी समाज के लोगों ने 11 अप्रैल को कोलेबिरा में सरहुल पर्व धूमधाम के साथ मनाया। जिले भर में इसे लेकर उत्साह का माहौल रहा। पहान के द्वारा जानकारी के अनुसार सरहूल पर्व के साथ नए साल की शुरूआत होती है, वसंत ऋतु में इस पर्व को मनाया जाता है। सरहुल पर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया के दिन माया जाता है। मान्यता है कि सरहूल पर्व के साथ नए साल की शुरूआत होती है। आदिवासियों के लिए इस दिन का विशेष महत्व है। आज के दिन से ही आने वाले साल का अनुमान लगाया जाता है। इस पर्व में अगले एक साल के भोजन, पानी और खेती के लिए प्रकृति से प्रार्थना की जाती है। सरहूल पर्व को लेकर एक खास परंपरा है, इस पर्व के दौरान गांव का पुजारी जिसे पाहन कहा जाता है। उनके द्वारा मिट्टी के तीन पात्र लिए जाते हैं। जिसमें शुद्ध जल भरकर पूजा करके पूजा के स्थान पर रखा जाता है। अगले दिन प्रातः पाहन के द्वारा मिट्टी के तीनों पात्रों को देखा जाता है। जिससे एक साल के भविष्य का पता चलता है। जल स्तर से निर्धारित होता है भविष्य, यदि पात्रों से पानी का स्तर घट गया है तो वह अकाल की भविष्यवाणी मानी जाती है। वहीं यदि पानी का स्तर सामान्य रहा तो उसे उत्तम वर्षा का संकेत माना जाता है। सरहुल पूजा के दौरान ग्रामीणों द्वारा सरना स्थल साफ-सफाई की गयी।

# सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरुकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जलडेगा स्थित सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की गई। कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक आलोक कुमार ने सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। शिक्षक इत्यानंद बड़ाईक ने 1950 और सी विजिल ऐप वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरुकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन एप अथवा नंबर के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दी।

# वन विभाग ने हाथी पीड़ित परिवारों के बीच मुआवजा राशि का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** गुरुवार को वैन विभाग के द्वारा हाथी पीड़ित परिवारो के बीच 14 लाख 49 हजार 640 रुपये की मुवावजा राशि का वितरण किया गया ।वन विभाग बानो में हाथी पीड़ित परिवारों के बीच मुआवजा की राशि चेक के माध्यम से जिला परिषद बिरजो कंडुलना व बानो वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने चेक के माध्यम से वितरण किया\। जिला परिषद ने कहा कि हमारा प्रखण्ड हाथी पीड़ित क्षेत्र है। दुख की बात है कि जंगली हाथी के चपेट में आने के कारण प्रतिदिन हमारे निवासियों को मौत का सामना करना पड़ रहा है। मुआवजे में मिली राशि का सही उपयोग करें। इन पैसों का सही उपयोग से सभी अपने जीवन में सुधार ला सकते हैं। मालूम हो कि 14 फरवरी 2024 को हाटिंगहोडे बाजार से लौटने के क्रम में हाथी से आमना सामना हो गया। जिसमें डुमरिया के बिरहुली निवासी मरियम मुड़ाइन व कुसुम टोली की कलावती देवी की मौत हो गई थी। कागजी प्रक्रिया के बाद गुरुवार को दोनो पीड़ित परिवार के लोगो के बीच मुवावजा राशि वितरण किया गया। साथ ही सिकोरदा निवासी मंगरा लोहरा व सोबर्ती लोहराइन दोनो हाथी के द्वारा हुई हमले में घायल हो गये थे ।उन्हें भी चेक प्रदान किया गया ।वर्ष 2023-24 में प्रखण्ड के विभिन्न गावों में हाथी द्वारा किये गए क्षति का मुवावजा राशि 6,69,640 रु प्रदान किया गया ।कुल 14 लाख 49 हजार 640रुपये की राशि का मुवावजा राशि वितरण किया गया ।मौके पर डुमरिया मुखिया लूथर भुइँया ,वन पाल विवेक वर्मा, लखिन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में ज्ञानोदय स्कूल के पांच बच्चों ने पायी सफलता

**झुमरी तिलैया।** सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम के जारी परिणाम में तिलैया डैम स्थित ज्ञानोदय स्कूल ने बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन किया है। यहां से 22 छात्र-छात्राओं ने क्लास छह में सफलता पायी है। जबकि नौ छात्रों ने क्लास नवीं में सफलता पायी है। छात्र शिवांश सिंह ऑल इंडिया रैंक तीन, आयुष कुमार ऑल इंडिया रैंक 50 समेत अन्य कई छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक 200 से नीचे प्राप्त किया है। छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि के लिए स्कूल के अनुकूलित अध्ययन योजनाओं, नियमित मॉक टेस्ट और व्यक्तिगत ध्यान को श्रेय दिया है। कोचिंग सेंटर के निदेशक प्रिंस शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर अमर ज्योति ने प्रसन्नता व्यक्त की और उत्कृष्ट परिणामों के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण को श्रेय दिया। साथ हीं स्कूल के शिक्षकों के अथक प्रयास के लिए शिक्षकों, सभी सहयोगी कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया है।

**जिले में अकीदत के साथ मनाई गई ईदुलफित्र**

# अमन चैन की मांगी गई दुआएं



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा और इसके आसपास के इलाके में ईद-उल-फितर का त्योहार गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह मुहल्ला मस्जिद के पेशे-इमाम मौलाना आसिफुल्लाह ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा करायी। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज मुसलमानों पर वाजिब है। उन्होंने कहा कि ईद के दिन सुबह में स्नान करना, अच्छे लिबास पहनना, सूरमा और ईत्र लगाना, कोई मीठी चीज खाकर एक रास्ते से ईदगाह जाना, दूसरे रास्ते से वापस आना चाहिए। यह दिन रोजेदार के लिए इनाम के तौर पर अपने दामन में हजारों खुशियां और संदेश लेकर आता है। रजा मस्जिद मुफती शाहिद सहित रजा मस्जिद में पूर्व निर्धारित समयानुसार ईद की नमाज अदा करायी गई। वहीं विधि व्यवस्था अनाए रखने के लिए थाना प्रभारी विनोद कुमार पासवान,सहित जिला बल के जवान मुस्तैद रहे।

**नमाज के बाद लोगों ने किया अपने पूर्वजों को याद :** ईद की नमाज के बाद काफी संख्या में लोगों ने कब्रिस्तान पहुंच कर अपने पूर्वजों को याद किया। वहीं उनके मगफिरत के लिए दुआएं भी मांगी। नमाज के समय मुख्य बरकाती रिजवी ने कहा कि ईद का तात्पर्य है, लौटकर आना। उन्होंने कहा कि नमाज पढ़ना सिर्फ इबादत नहीं मेहनत करके रोजी कमाना भी इबादत है।

**ईद की शान और शौकत निराली: मौलाना आसिफुल्लाह**

ईदगाह मुहल्ला मस्जिद पेशे इमाम ने कहा कि ईद की शान और शौकत निराली होती है। ईद का त्योहार रमजान के महीने के समापन के बाद आने वाले शव्वाल महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है। यह दिन वास्तव में अल्लाह की ओर से रोजेदारों को पुरस्कार देने का दिन होता है। ईद के दिन मुसलमान महीने भर का रोजा रखते हैं। इसलिए इसे ईद-उल-फितर कहा जाता है। उन्होंने कहा कि ईद एक सामूहिक त्योहार है।

### विरोध के बाद सर्विस लेन निर्माण को लेकर चला प्रशासन का बुलडोजर

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया बाईपास इंदरवा चौक के समीप अंडरपास के निर्माण के बाद ओवरब्रीज का निर्माण किया जा रहा था। ओवरब्रीज का निर्माण तो शुरू कर दी गई थी। लेकिन सर्विस लेन में आ रही अड़चन पर प्रशासन मौन था। बुधवार को स्थानीय लोगों ने बिना सर्विस लेन क्लीयर किए दूसरे छोर में ओवरब्रीज के निर्माण कार्य पर अपना विरोध जताया जा रहा था। लोगों का कहना था कि बिना सर्विस लेन क्लीयर किए ओवरब्रीज का निर्माण से वहां रास्ता ब्लॉक हो जाएगा और वाहन तो क्या आम आदमी को गुजरना भी मुश्किल हो जाएगा। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने मीडियाकर्मियों के समने भी समस्या को लेकर गुहार लगाई थी। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने ज्ञापन भी जिले के वरीय अधिकारियों को बुधवार को हीं सौंपा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर देर शाम सर्विस लेन में आ रही बाधा और वहां आम लोगों के जमीन पर पूर्व में किये गए बाउंड्री पर बुलडोजर चलाया गया।

# द सोशल यूनियन आफ इंडिया ट्रस्ट ने ईद के मौके पर बांटे शरबत और सेवइयां



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** प्रमंडलीय मुख्यालय से बिल्कुल सटा गांव है बकसपुरा। यह गांव सदर प्रखंड में पड़ता है । आर्थिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क पढ़ाने का कार्य पिछले 8 वर्षों किया जा रहा है। इसी बीच ईद को लेकर बकसपुरा गांव में शरबत और सेवइयां बांटकर लोगों को ईद की बधाई दी। द सोशल यूनियन आफ इंडिया ट्रस्ट लगातार त्योहार है इस तरह के आयोजन करते रहते हैं। दा सोशल यूनियन आफ इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष असलम आलम ने कहा कि यह ट्रस्ट कई सालों से गरीब व असहाय बच्चों को निशुल्क पढ़ाने का कार्य कर रही है और लोकडान के बाद से आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण बच्चों को वो फैसेलिटी उपलब्ध कराने काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। वहीं यूनियन के खजांची माविया नजल ने कहा कि ये काम हम सब नौजवान मिलकर करते हैं। मौके पर मसुद आलम ने बताया कि यूनियन का मकसद ही लोग को जागरूक करना। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मोहम्मद असलम, नेमतुल्ला, माविया नजल, मजितेंद्र कुमार, अंवरूल्ला, तसाउर, उमैर रहमान, समीर आफताब, सोनु आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक की मौत,दो गंभीर रूप से घायल

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के कोलेबिरा मनोहरपुर एन एच में हाटिंगहोडे स्थित अवासीय विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिलों में आपसी भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गयी। वहीं घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोय सिंजांग निवासी इमानुएल तोपनो 38 वर्ष मोटरसाइकिल से अपने घर से किरीबुरू जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल सवार सचिन सुरीन व पौलुस समद से आमने-सामने की टक्कर हो गयी।घटना में सचिन सुरीन और पौलुस समद गंभीर रूप से घायल हो गये।पौलुस के सिर में गम्भीर चोट व बायां पैर टूट गया।घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज हेतु सिमडेगा भेज दिया गया। वहीं सिंजाग निवासी इमानुएल की मौत घटनास्थल में हो गयी।

### प्रेमिका की हत्या का आरोपी सनकी आशिक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के सियादोहर में विगत 05 अप्रैल को हुई विवाहित महिला की हत्या का आरोपी उसी का सनकी प्रेमी निकला। सिमडेगा पुलिस ने गुरुवार को हत्या के इस मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि सियादोहर नवाटोली में किरण कुल्लू नामक एक महिला को धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद एसडीपीओ ने नेतृत्व में पुलिस अनुसंधान शुरू की।एसडीपीओ ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में उसी वक्त घटना का खुलासा कर लिया गया था परंतु अभियुक्त लगातार जगह बदल-बदल कर पुलिस के नजर से भागे फिर रहा था। लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने कांड के अभियुक्त जेवियर आईन्द उर्फ जेफी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ ने बताए कि किरण शादीशुदा थी और अभियुक्त उससे प्रेम करता था और शादी करना चाहता था। लेकिन किरण ने उसने शादी से इंकार कर दिया। तब सनकी प्रेमी जेवियर ने उसकी नृसंस हत्या कर दी। पुलिस में आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

### सिस्टर नीलमणी ने ग्रहण किया अंतिम मन्नत जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने दी बधाई



**सिमडेगा।** सोगड़ा के खेदवाटोली में गुरुवार को सिस्टर नीलमणी तिर्की के धर्मसमाज जीवन के अंतिम मन्नत के अवसर पर धन्यवादी मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मौके पर सिस्टर नीलमणी ने दर्जनों पुरोहितों एवं धर्मबहनों की उपस्थिति में अंतिम मन्नत ग्रहण किया। मौके पर धन्यवादी मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। जहां फा क्लेमेंट लकड़ा, सिलबानुस डुंगडुंग, फा जोनसन तिर्की, फा संजय उपस्थित थे। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि धर्मसमाज का जीवन कलीसिया व समाज की सेवा के लिए पूर्णरुप से समर्पित होता है।कलीसिया के लोगों को येशु ख्रिस्त की शिक्षा के अनुसार मार्ग दर्शन देना धर्मबहनों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि सि नीलमणी ने धर्मसमाज जीवन के अंतिम मन्नत लेने के साथ ही अब जीवन भर धर्मबहनें के रुप में बने रहेंगी एवं लोगों का निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे। जोसिमा खाखा ने कहा कि धर्मबहनों का जीवन चुनौतियों से भरा होता है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए ईश्वर से संबंध बनाए रखें। ईश्वर हमें साहस और बल प्रदान करता है। मौके पर सि शालिनी, सि पुष्पा, ब्रदर सुमित, प्रतिमा कुजूर, शोभेन तिग्गा, एमा, निलीमा, निर्मला, विक्टोरिया, तारामणि, नीलम आदि उपस्थित थे।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया सरहुल



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रखण्ड के सभी पाहन के द्वारा बोलबा शंख नदी तट पर पाट सरना में पूजा अर्चना के बाद बोलबा बाजार टाँड़ से शोभा यात्रा निकाला गया।इस मौके पर ढोल -नगाड़े एवं मांदर की थाप पर लोग झूमते नाचते थाना परिसर तक पहुंचे।इसके बाद पुनः बाजार पहुंचकर शोभायात्रा विसर्जन किया गया।समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल हमलोग सभी मिलजुलकर मनाते हैं।यह पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ है ।हमलोग सखुआ वृक्ष, नदी, चाँद- सूरज, धरती माता की पूजा करते है । यह पर्व सीधे प्रकृति से जुड़ा हुआ है कोई माध्यम की जरूरत नही है।पाहन समिति के सचिव देवेंद्र भगत ने बताया कि सरहुल दो शब्दों से बना है सर अर्थात सरई यानी सखुआ तथा हुल अर्थात क्रान्ति यानी फूलों की क्रांति । नए वर्ष के साथ धूमधाम से सरहुल मनाया गया।इस मौके पर बोलबा थाना के एस0 आई0 सोनू पाठक, ए0एस0आई0 सुनील टोपनो के साथ पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद थे । कुंदुर मुण्डा, अवगा एवं किलेसेरा के नृत्य मण्डली भाग लिए । इस मौके पर मोतीराम सेनापति, देवेंद्र भगत, भगवान पाहन, तिलकु खड़िया, चंदन सिंह, नवीन कूल्लु, भूषण तिर्की, रजिंता बाड़ा, अंजू खलखो, एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

### आजसू पार्टी के संतोष सहाय कोडरमा लोकसभा प्रभारी बनाए गये

**कोडरमा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय को कोडरमा लोकसभा प्रभारी बनाया है। संतोष सहाय ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन से कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मत से जीतने के लिए आजसू पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत करेंगे। कोडरमा लोकसभा के प्रभारी बनाए जाने पर संतोष सहाय को जिला कमेटी और सभी प्रखंड कमेटी की ओर से बधाई दी गयी। आजसू जिलाध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कहा कि आजसू परिवार पूरी मेहनत लगन के साथ एनडीए गठबंधन से कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में काम करेगी। प्रभारी बने संतोष सहाय को बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष राजकुमार मेहता, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज यादव, बालगोविंद मोदी, शंकर साव, मनोज ठाकुर, रामचंद्र राणा, कफिल अहमद, बृजनंदन यादव, रोहित मेहता, विकास कुमार, केदार दास, मंटू गुप्ता, शंभू बर्णवाल आदि हैं।

## एक नजर

### मेघाहातुबुरु के युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**आदित्यपुर।** सेल के ठेकेदार इमिल तोपनो का भतीजा सह मेघाहातुबुरु निवासी इमानुएल तोपनो (24 वर्ष) की दर्दनाक मौत सड़क दुर्घटना में 11 अप्रैल को हाटिंग होडेय़ के पास हो गई। मृतक अपनी मौसी की शादी में गया था एवं मोटरसाईकल से अन्यत्र जा रहा था। इसी दौरान वह मोटरसाईकल दुर्घटना का शिकार हुआ जिससे उसकी जान चली गई। इमानुएल मेघाहातुबुरु खदान में बतौर ठेका मजदूर काम कर रहा था। उसकी मौत से किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में शोक की लहर है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत, एक घायल

**बोकारो।** बोकारो जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। एनएच 32 पर चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कालापत्थर मोड़ पर गुरुवार की दोपहर कार के धक्के से साइकिल सवार पंकज खवास (40 वर्ष) की मौत हो गई। वह ब्राह्मण द्वारिका का रहनेवाला था। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना बोकारो-रामगढ़ हाइवे पर जरीडीह थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात घटी। तीन दोस्त पेटरवार के बड़ा केंदुआ से सरहुल मेला देखकर एक ही बाइक से लौट रहे थे। रास्ते में बांधडीह चौक के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।

### चांदो जंगल से 75 लीटर देसी शराब व 1600 किलो महुआ जब्त

**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को पेटरवार थाना क्षेत्र के चांदो जंगल में छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी शराब व महुआ जब्त किया है। सहायक उत्पाद उत्पाद निरीक्षक संजीत देव के नेतृत्व में टीम ने जंगल में अवैध शराब भट्ठी के पास जमीन खोद कर ड्रमों में रखा करीब 1600 किलो जावा महुआ व 75 लीटर चुलाई शराब समेत शराब बनाने की अन्य सामग्री बरामद की। शराब समेत सारी सामग्री नष्ट कर दी गई। भट्ठी संचालक जगन्नाथ सिंह के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पिंड्राजोरा में एसडीओ का छापा, अवैध कोयला जब्त

**बोकारो।** चास एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने गुरुवार की दोपहर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के घटियाली पश्चिमी के बोदोटांड टोला में छापेमारी कर भारा मात्रा में अवाध कोयला जब्त किया। तस्करों ने कोलियरियों से कोयला लाकर जमा किया था। प्रशासन की इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप है।

### कियाडपत्ता गांव के जंगल में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**चाईबासा।** खरसावां मुख्य मार्ग पर स्थित कियाडपत्ता गांव के जंगल में पेड़ से लटकता एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान चांदमारी निवासी रितेश गुप्ता (40 वर्षीय) के रूप में हुई है। यह घटना बुधवार देर शाम की बतायी जा रही है। लेकिन ग्रामीणों ने गुरुवार अहले सुबह जंगल के अंदर युवक का शव पेड़ पर लटकता देखा। इसके बाद ग्रामीणों मे मुफस्सिल थाना को जानकारी दी। सूचना पाकर मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गयी।

### चक्रधरपुर के युवक की क्यापता गांव के पास हत्या

**चाईबासा।** चक्रधरपुर-खरसावां रोड चाईबासा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के क्यापता गांव के समीप चक्रधरपुर के चांदमारी निवासी एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि चक्रधरपुर के चांदमारी निवासी देवा गुप्ता का पुत्र 36 वर्षीय रितेश गुप्ता बुधवार दिन के लगभग 11 बजे अपने घर से बड़ाबाम्बो तकादा में जाने की बात कहते हुये घर से निकला था।

# कोडरमा सांसद नाम बड़ा और दर्शन छोटा की कहावत कर रहीं चरितार्थ : विनोद सिंह

## माले विधायक ने कहा कि लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी

**आदिवासियों के साथ मांदर व ढोलक की ताल पर जमकर थिरके विनोद सिंह और राजकुमार यादव**





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बगोदर विधायक विनोद सिंह और धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला बोला। इंडिया गठबंधन उम्मीदवार विधायक विनोद सिंह और पूर्व विधायक राजकुमार यादव तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में सरहुल बाह्य पर्व के अवसर पर आदिवासी संथाल समाज सुंसार बैसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। जहाँ विनोद सिंह और राजकुमार यादव त्योहार मना रहे आदिवासियों के साथ मांदर व ढोलक की ताल पर जमकर थिरके।

उम्मीदवार विनोद सिंह ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई और विकास के नाम पर केंद्र में भाजपा की सरकार बनी थी लेकिन इन सभी मुद्दों पर भाजपा विफल रही है। देश की सम्पति को बड़े - बड़े कॉर्पोरेट्स कम्पनीयों को बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य के लिए भाजपा पूरी तरह से हानिकारक है।

### गावां के पथलड़ीहा गांव में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित गदर पंचायत के पथलड़ीहा गांव में इंडिया गठबंधन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से भाकपा माले के प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव उपस्थित थे। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि इंडिया गठबंधन के द्वारा इस बार बगोदर विधायक विनोद सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। श्री सिंह लगातार गरीब गुरबों, अकलियतों व शोषितों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। सदैव क्षेत्र में उपस्थित रहकर लोगो की समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण करते हैं ।कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर प्रचार प्रसार तेज करें। वहीं भाकपा माले के द्वारा किये गए कार्यो व आंदोलन की लोगो को जानकारी दे।

## सरहुल पर्व मनाने गांडेय पहुंचे नुनुलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के बुधुडीह पंचायत के अंतर्गत बलकुड़ीह में सरहुल का पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया नवीन वर्मा पहुंचे और आदिवासी समाज के लोगो के बीच सरहुल पर्व मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के अनुज नुनुलाल मरांडी यहां पहुंचे। आदिवासी समाज ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही नुनुलाल मरांडी को आदिवासी समाज ने सरहुल की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू मंडल, कमलादेव मंडल, प्रमोद राम, रामप्रसाद मंडल सहित दर्जनों आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

## तिसरी प्रखंड में शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया गया ईद उल फितत्र



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह तिसरी प्रखंड के तिसरी, पलमरुआ, गोलगो , बेलवाना, सिंघों आदि जगहों पर शान्ति व सौहार्दपूर्ण से ईद उल फितर मनाया गया। और सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद उल फितर की बधाई दी। ईद उल फितर माहे रमजान के पवित्र माह की समाप्ति में गुरुवार को ईद उल फितर की नमाज मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पढ़ी। सभी ने देश और राज्य की तरक्की के लिए दुआ किया और सभी ने एक दूसरे को सेवईयां खिलाया ।

इस मौके पर तिसरी पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखी। सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने देश वासियों को ईद उल फितर की बधाई दी। इस मौके पर वार्ड सदस्य मोबिन ने देशवासियों को ईद उल फितर की बधाई दी और दुआ किया कि हमारा देश और तरक्की करें ।

## तिसरी के पलमरुआ में रामचन्द्र पंडित की दुकान में छापेमारी में 5 किलो 40 ग्राम गांजा बरामद

**एसपी को मिली थी गुप्त सूचना, इसी आधार पर टीम गठित कर की गई छापेमारी**





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिसरी थाना पुलिस द्वारा ग्राम पलमरुआ स्थित माहूरीटोला निवासी रामचन्द्र पंडित पिता स्व० तोडी पंडित के दुकान में छापेमारी कर 5 किलो 40 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक को सुचना प्राप्त हुई थी कि रामचन्द्र पंडित अपने दुकान में अवैध गाँजा का व्यापार करने हेतू भारी मात्रा में गांजा का स्टाक रखे हुए हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ के निर्देश पर सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू प्रभारी मजिस्ट्रेट सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार एवं थाना प्रभारी तिसरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

## एमजीएम अस्पताल में चूहों ने शवगृह में रखे शव को कुतरा



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
कोल्हान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल आए दिन अपने नए-नए कारनामों से चर्चा का विषय बना रहता है। ताजा मामला अस्पताल के शव गृह का है जहां चुहों ने एक शव को कुतर डाला। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करने की कोशिश की पर मामले को दबाने के लिए परिजनों को समझा-बुझा कर घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मानगो दाइगुट्टू कृष्णा रोड के रहने वाले 45 वर्षीय श्याम सिंह को परिजनों ने सिर में दर्द की शिकायत पर बुधवार को एमजीएम अस्पातल में भर्ती कराया था जहां इलाज के थोड़ी देर बाद ही श्याम नें दम तोड़ दिया था। परिजनों ने कृष्णा की मौत के बाद शव को अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया।

## शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाई गई ईद



**नवीन मेल संवाददाता। बहरागोड़ा**
बहरागोड़ा में गुरुवार को धूमधाम से आपसी एकता और भाईचारे के साथ ईद मनाई गई। वहीं ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज पढ़ी गई। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस अवसर पर बहरागोड़ा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नए वस्त्र धारण कर तथा एक दूसरे को गले लगाकर ईद का मुबारकबाद दिए तथा खुशी का इजहार किया। ईद के पावन अवसर पर घरों को सजाया गया एवं एक से बढ़कर एक पकवान बनाया गया। ईदगाह में सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी विकास कुमार शर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती, अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो पुलिस बल के साथ तैनात रहे। मुस्लिम कमेटी की ओर से लोगों के बीच मिठाई तथा सेवई का वितरण किया गया है। इस मौके पर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष परवेज आलम, उपाध्यक्ष अली इकबाल, सदस्य एमडी तमन्ना, अफाक आलम, रौनक जमीर, इरशाद, मोतीबुल रहमन, शेख इस्लाम, मंजर आलम, शमशेर, बंटी, आताबुल रहमन समेत मुस्लिम समुदाय के अनेक लोग उपस्थित थे।

## उंगली पर वोट का निशान दिखाने वालों को मिलेगी शहर की दुकानों में खरीदारी पर छूट



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
मतदान करनेवाले मतदाताओं को शॉपिंग में छूट मिलेगी. शहर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत डिस्काउंट ऑफर की घोषणा करने पर सहमति जतायी है. जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के संचालन को लेकर होटल, रेस्टोरेंट, मॉल व कोचिंग सेंटर संचालकों के साथ बैठक हुई. उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग मनीष कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की. इसमें सभी व्यावसायिक संस्थानों को अपने स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति उदासीनता दूर करने को लेकर विशेष जिम्मेदारी दी गई।

## स्लैग रोड में कार ने भाई-बहन को रौंदा



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत स्लैग रोड में गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने सात माह की बच्ची और उसके 10 वर्षीय भाई को रौंद दिया। धक्के से बच्चा कार की विंडशील्ड पर जा गिरा. भागने के क्रम में कार बच्चे को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गई। कार को रोक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि कार सवार तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने दबोच लिया और पिटाई करते हुए बंधक बना लिया। लोगों ने कार में तोड़फोड़ की। घायल बच्ची को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इधर सूचना पाकर गोलमुरी पुलिस मौके पर पहुंची और बंधक बनाए युवकों को अपने साथ जीप में बिठाने के ले जाने लगी पर गुस्साए स्थानीय लोगों ने पुलिस के समक्ष ही युवकों को पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी तरह तीनों युवकों को जीप में बिठाया पर भीड़ ने जीप पर भी हमला शुरू कर दिया और जीप को घेर लिया।

### मेघाहातुबुरु प्रीमियर वॉलीबॉल लीग 12 से 14 तक

**किरीबुरु।** आईपीएल की तर्ज पर मेघाहातुबुरु में दूसरी बार मेघाहातुबुरु प्रीमियर वॉलीबॉल लीग (एमपीएल) का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक मेघाहातुबुरु मैदान में वॉलीबॉल वारियर्स एवं सेल मेघाहातुबुरु प्रबंधन के सपोर्ट से आयोजित किया जाएगा। इस एमपीएल हेतु छः टीमों के फ्रेंचाइजी द्वारा खिलाड़ियों की बोली लगाई गई। खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने का कार्यक्रम मेघा क्लब में आयोजित की गई।

## तिसरी में टॉपर्स क्लासेस कोचिंग सेंटर का किया गया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गाँधी मैदान के पास बुधवार को टॉपर्स क्लासेस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। कोचिंग सेंटर का उद्घाटन जिप सदस्य रामकुमार राउत, तिसरी मुखिया किशोरी साव, सोनू हेमब्रम, अनासियस हेमब्रम, संतोष गुप्ता आदि समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान कोचिंग सेंटर के संचालक नवीन हेमब्रम ने बताया कि विभिन्न क्लास की तैयारियों के अलावे इंग्लिश ग्रामर व स्पोकन, जवाहर नवोदय, सैनिक स्कूल,स्टेट इंजीनियरिंग,जेईई मेन आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारियां करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं में तैयारी करवाई जाएगी। साथ ही ऑनलाइन क्लास भी उपलब्ध होगी।

## माले नेता ने ईद की बधाई के साथ चलाया इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह के लिए जन संपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले नेता राजेश यादव ने आज लोगों को ईद की मुबारकवाद देते हुए कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह के लिए जन संपर्क अभियान चलाया। माले नेता ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, ईद जैसा त्यौहार हमें सहनशीलता, सौहार्द और भाईचारे का पालन करना सिखाता है। कहा कि, हमारे देश में विभिन्न धर्म-संप्रदाय के लोग सदियों से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए एक दूसरे से मिलजुल कर रहते आए। लेकिन गंगा जमुनी की इस तहजीब को अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति में लगे लोग छिन्न-भिन्न करने में लगे हैं। इनसे सचेत रहने की जरूरत है।

वहीं माले नेता ने आज बेंगाबाद प्रखंड के कंदवागढ़ा तथा निंगोटोल में जन संपर्क अभियान भी चलाया और कहा कि, विनोद सिंह जैसे संवेदनशील नेता के सांसद बनने से ही इस इलाके की पहचान बढ़ेगी और लोगों का भला भी होगा।

## सारंडा के रांगरिंग डैम क्षेत्र के जंगलों की कीमती पेड़ों की कटाई जारी



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**
सारंडा जंगल के कीमती पेड़ों की अवैध तरीके से कटाई करने का नया मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रांगरिंग डैम के समीप के जंगल में लकड़ी माफियाओं ने दर्जनों सखुआ व अन्य कीमती पेड़ों को काट दिया है। काटे गये पेड़ों को विशेष लम्बाई में टुकड़ों में काट उसका सिलपट बनाया जा रहा है। ताकि वहां से उसे उठाकर वाहनों के सहारे अन्यत्र तस्करी की जा सके। काटे गये पेड़ों की संख्या दर्जनों में बताई जा रही है, जिसकी कीमत लाखों रुपए में है. इस घटना की सूचना पाकर वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची थी लेकिन वहां से अभी लकड़ियों को वापस नहीं लाया जा सका है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि पेड़ों की कटाई में शामिल माफिया पारम्परिक हथियार से लैश होकर जंगल में हीं रह रहे हैं। वह विकट परिस्थिति में वन विभाग की टीम पर हमला करने का भी प्रयास कर सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### घाघरथी झरना को इको टूरिज्म के रुप में किया जा रहा विकसित



**किरीबुरु।** सारंडा का ऐतिहासिक घाघरथी झरना का सौन्दर्यीकरण एवं इको टूरिज्म के रुप में विकसित करने का कार्य सारंडा के डीएफओ अभिरुप सिन्हा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने प्रारम्भ कर दिया है। उल्लेखनीय है कि घाघरथी झरना सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान के बीच घने जंगलों में स्थित है। इस झरना का स्वच्छ व निर्मल पानी का इस्तेमाल सेल प्रबंधन के अलावे सारंडा के ग्रामीण पेयजल व अन्य कार्यों में करते आ रही है। घाघरथी झरना के निचले हिस्से में सेल प्रबंधन ने चेकडैम बनाकर इस पानी को पम्प व मोटर के सहारे खिंच डब्लूटीपी में भेज जरुरत अनुसार सेलकर्मियों के आवासों व खदानों में इस्तेमाल करती है। यह झरना का पानी सारंडा की ऊंची पहाड़ी पर स्थित जल श्रोत से पहाड़ों व पत्थरों से टकराते नीचे तक आती है। यहाँ हर वर्ष काफी संख्या में पर्यटक भी जाते हैं एवं परिवार के साथ पीकनीक मनाते हुये मस्ती करते हैं। अपनी बेहतर कार्यशैली, ईमानदारी, पर्यावरण प्रेमी के रुप में मशहूर सारंडा के डीएफओ अभिरुप सिन्हा ने इस झरना को देखने के बाद से इसको देश के पटल पर लाने तथा यहाँ पर्यटकों का भारी खिंचाव हेतु प्रयास तेज कर दिये थे।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री से मिला एसिया का प्रतिनिधि मंडल, रखी समस्याएं



**आदित्यपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो से रांची स्थित उनके आवास पर एसिया के उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार औपचारिक मुलाकात की, मुलाकात के दौरान संघठन के मजबूती के साथ प्रदेश के विकास के कई मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई। उन्हें वर्तमान में सरकार की ब्रेक डाउन की परिस्थितियों से अवगत कराया। उन्हें बताया कि निर्माण के क्षेत्र मे बालू, गिट्टी का अनुउपलब्धता से निर्माण के साथ स्थानीय लोगो को रोजगार से वंचित होना पर रहा है। वही एमएसएमई उद्योगों, शिक्षा, लॉ एंड आर्डर सहित कई विषय पर सकरात्मक वार्ता हुई। प्रतिनिधि मंडल में एसिया उपाध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह, तरुण तिवारी, डॉ शेखर सुमन, जगनाथ महतो शामिल थे।

### झारखंड-बंगाल इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान, कार से 2.50 लाख बरामद



**मैथन।** मैथन पुलिस ने झारखंड-बंगाल सीमा पर बने इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से ढाई लाख रुपये बरामद किये हैं। पुलिस ने कार से बरामद कैश को जब्त कर ली है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस पूछताछ में कार में सवार लोगों ने बताया कि वे जमीन कारोबार से जुड़े हैं। इसी सिलसिले में कोलकाता से गिरिडीह जा रहे थे। दरअसल लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। इसके बाद झारखंड पुलिस की सक्रियता भी बढ़ गयी है। पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। साथ ही इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी कर रही है। धनबाद पुलिस ने भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड-बंगाल सीमा पर इंटरस्टेट चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट से पार होने वाले वाहनों की जांच कर रही है। पिछले एक माह में पुलिस ने इस चेकपोस्ट से 50 लाख कैश और 36 किलो चांदी जब्त की है। साथ ही भारी मात्रा में देशी व विदेशी अवैध शराब भी जब्त की है।

### धनबाद कोयलांचल में सरहुल का उल्लास, पुलिस लाइन में एसएसपी ने बजाया मांदर



**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल में गुरुवार को प्रकृति पर्व सरहुल उल्लास के साथ मनाया गया। केंद्रीय सरना समिति की ओर से मुख्य समारोह धनबाद के पुलिस लाइन स्थित सरना स्थल पर आयोजित किया गया। पारंपरिक परिधान में आदिवासी महिला-पुरुष मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए पहुंचे। समारोह में एसएसपी एचपी जनार्दनन, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी समेत पुलिस विभाग के तमाम पदाधिकारी, जवान और उनके परिवार के लोग भी शरीक हुए। समिति के सदस्यों ने एसएसपी समेत सभी पदाधिकारियों का स्वागत पारंपरिक आदिवासी तरीके से किया। एसएसपी ने भी मंदार बजाया और लोगों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दीं। यह पर्व पेड़-पौधे व जल संरक्षण का संदेश के साथ ही नए साल की शुरूआत का आगाज है। समारोह में समिति की ओर से एसएसपी व सभी मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत गमछा व पौधा देकर किया गया।

### शहर से लेकर गांवों में ईद की धूम, मस्जिदों-ईदगाहों में पढ़ी गई नमाज

**बोकारो।** बोकारो जिले के शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को ईद की धूम है। मुसलमानों ने सुबह में नहाधोकर नए कपड़े पहनकर मस्जिदों व ईदगाहों में सामूहिक नमाज अदा की और अल्लाह से घर-परिवार की सलामती की दुआ मांगी। एक-दूसरे से गले मिल ईद की मुबारकवाद दी। बोकारो शहर से सटे सिवनडीह, डुमरो, उकरीद, भर्रा समेत जैनामोड़, कसमार, पेटरवार, गोमिया, बेरमो, कथारा, चंद्रपुरा, चास व चंदनकियारी के ग्रामीण इलाके में भी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। कसमार प्रखंड के सभी मुस्लिम बहुल गांव व टोलों में ईद धूमधाम से मनाई गई। मोहल्लों व ईदगाहों में सुबह से ही त्योहार को लेकर चहल-पहल थी. प्रखंड के सुरजूडीह, गर्री, कुलागुजु, मंजूरा, कमलापुर, सोनपुरा, मधुकरपुर, मायापुर, बगदा, बगियारी, बनकनारी, खैराचातर, सिंहपुर व आसपास के मुस्लिम बहुल गांवों में ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई।

गुलाब को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं होती है। वह तो केवल अपनी खुशी बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है : महात्मा गांधी



# संयुक्त राष्ट्र में भारत की बड़ी सफलता

संयुक्त राष्ट्र में भारत को बड़ी सफलता मिली है। 9 अप्रैल को इंटरनेशनल नॉरकोटिस कंट्रोल बोर्ड के चुनाव में भारत की जगजीत पवाडिया ने जीत हासिल की है। उन्हें यूनाइटेड नेशन इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल द्वारा आयोजित चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि भारत को इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल के कुल 53 सदस्यों में से 41 वोट मिले हैं। जो सभी विजेता सदस्यों में सबसे अधिक हैं। दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को केवल 30 वोट मिले हैं। बता दें कि जगजीत पवाडिया ने 2019 में भी जीत हासिल की थी। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी चीन के हाउ वेई को हराकर रिकॉर्ड वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार भी उनकी जीत से चीन को कड़ा झटका लगा है। हालांकि जगजीत पवाडिया की ये जीत इसलिए भी बड़ी मानी जा रही है क्योंकि वो साल 2015 से ही नॉरकोटिस कंट्रोल बोर्ड की सदस्य हैं। भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स एक पोस्ट में कहा कि भारत की उम्मीदवार जगजीत पवाडिया को न्यूयॉर्क में हुए चुनावों में 2025 से 2030 की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड के लिए फिर से चुना गया। उन्होंने कहा कि भारत ने बोर्ड के सभी निर्वाचित सदस्य देशों के बीच सबसे अधिक वोट हासिल किए। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और विदेश मंत्रालय की टीम की सराहना की और कहा कि उन्होंने अच्छा काम किया। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) ने अपने 17 सहायक निकायों में रिक्तियों को भरने के लिए चुनाव कराए थे। भारत ने 2025-2030 के लिए आईएनसीबी का प्रतिष्ठित चुनाव दोबारा जीता और कई प्रमुख संयुक्त राष्ट्र निकायों में सीट हासिल कीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी 'एक्स' पर जीत की पुष्टि करते हुए कहा, भारत ने बोर्ड के सभी निर्वाचित सदस्य देशों के बीच सबसे अधिक वोट हासिल किए। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और विदेश मंत्रालय की टीम की सराहना की और कहा कि उन्होंने अच्छा काम किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने 'एक्स' पर लिखा, भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' (दुनिया एक परिवार) के सिद्धांत के साथ संयुक्त राष्ट्र के इन निकायों में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा, यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने व साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। 1954 में जन्मीं पवाडिया ने भारत सरकार में 35 वर्षों तक भारतीय राजस्व सेवा में कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है, जिनमें भारत के नारकोटिक्स आयुक्त, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (2006-2012); आयुक्त, कानूनी मामले (2001-2005); मुख्य सतर्कता अधिकारी, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (1996-2001) शामिल हैं। 1968 में स्थापित, अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स नियंत्रण बोर्ड संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय ड्रग नियंत्रण सम्मेलनों के कार्यान्वयन के लिए स्वतंत्र और अर्ध-न्यायिक निगरानी निकाय है। इसमें 13 सदस्य होते हैं जो आर्थिक और सामाजिक परिषद द्वारा चुने जाते हैं और जो सरकारी प्रतिनिधियों के रूप में नहीं बल्कि अपनी व्यक्तिगत क्षमता में सेवा करते हैं। चिकित्सा, औषधीय या फार्मास्युटिकल अनुभव वाले तीन सदस्य विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा नामित व्यक्तियों की सूची से चुने जाते हैं और 10 सदस्य सरकारों द्वारा नामित व्यक्तियों की सूची से चुने जाते हैं।

राजनीति

# आप के आदर्श शिक्षा की स्थिति चिंतनीय



ललित गर्ग



**देश** ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल को अनुकरणीय बताया एवं अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में बहुप्रचारित किया लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी पोल खुल गयी। न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप' का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री। कई स्कूलें टिन बिल्डिंग में चल रही है एक स्कूल में 1,800 लड़कियां और 1,800 लड़के डबल शिफ्ट में पढ़ते हैं। कुछ कक्षाओं में दो-दो कक्षाओं के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। जब शिक्षा सचिव ने बदहाली की पुष्टि की तो जस्टिस मनमोहन ने कहा कि आपकी इसी लापरवाही की वजह से तिहाड़ जेल में समस्या और भीड़ दोनों बढ़ी है। तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं। वजह अशिक्षा एवं दूषित शिक्षा है जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य को बर्बाद हो रहा है। केजरीवाल सरकार ने शराब घोटाला ही नहीं, शिक्षा घोटाला भी किया है। केजरीवाल सरकार ने अपनी उपलब्धियों के नाम पर दो उपक्रम प्रमुखता से गिनाये हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा न केवल बिगड़ी है, बल्कि रसातन में चली गयी है। मौहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी दयनीय है। दिल्ली से शुरू हुई उन्नत शिक्षा की पहल को देश के अन्य प्रांतों ही नहीं, बल्कि दुनिया के अनुकरणीय बताने वाले केजरीवाल ने शिक्षा के बुनियाद क्षेत्र को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से देखना एवं उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाला से खिलवाड़ करना, शर्मनाक घटनाक्रम है। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2024 के बीच 'शिक्षा सबसे पहले या एजूकेशन फर्स्ट' जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकने के नाम पर दिखावा किया। कुछ स्कूलों को अत्याधुनिक बनाकर दिल्ली की समस्त स्कूलों का कायाकल्प करने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार ने करोड़ों रुपए विज्ञापनों पर खर्च किये। आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/ उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती। स्पष्ट है स्कूलों के नाम पर आवंटित बजट में बड़ा घोटाला हुआ है, उसकी स्वतंत्र जांच होनी ही चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में ही एक अन्य याचिका में यह तथ्य भी सामने आया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं जैसे यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि नहीं मिल पा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन एक्ट, दिल्ली राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी रुल्स और दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के नियमों के मुताबिक बच्चों को शिक्षण सत्र के शुरू में ही उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि सुविधाएं मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया है दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2,69,488 छात्र और दिल्ली नगर निगम में पढ़ने वाले 3,83,203 छात्र शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। याचिका में 14 नवंबर 2023 के ऑडिट मेमो का जिक्र किया गया है जिसमें कहा गया है कि 2016-17 से शिक्षण सत्र से दिल्ली नगर निगम के छात्रों को वैधानिक वित्तीय सुविधा नहीं दी जाती हैं। विडम्बना देखिये दुनिया के लिये आदर्श मॉडल के रूप में दिल्ली की सरकारी स्कूलों को प्रचारित करने वाली स्कूलों की स्थिति कितनी खतरनाक हैं। स्कूल में एक ही कमरे को साइंस लैब, आर्ट रूम और लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। एक कक्षा में 70 से 80 बच्चे हैं। दोनों पालियों में लगभग 4 हजार छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं। स्कूल में कुल 15 कमरे हैं, लेकिन अधिकारिक तौर पर 7 साल पहले इस स्कूल को असुरक्षित घोषित किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस शिक्षा मॉडल की जिसका डंका वे दिन रात बजाते हैं। यहां तक कि न्यूयार्क टाइम्स में भी दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफों के पुल बांधते हुए लेख लिखे जाते हैं। उस शिक्षा मॉडल का यथार्थ बहुत भद्दा एवं खौफनाक है। शिक्षा के नाम पर एक बदनुमा दाग है। जिसकी झलक प्रजा फाउंडेशन एनजीओ की व्हाइट पेपर रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट केजरीवाल के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली के सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट बढ़ गया। साल 2014-15 में सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट जहां 2.9 प्रतिशत था, दो साल के भीतर 2016-17 तक आते आते ड्रॉप आउट रेट 3.4 प्रतिशत हो गया। दिल्ली ईकोनॉमिक सर्वे 2021-22 में दिए गए आकड़े मुख्यमंत्री के प्रचारतंत्र से वादा खिलाफी कर रहे हैं। ये आंकड़े सरकार पर सवाल उठाते हुए बता रहे हैं कि अगर शिक्षा व्यवस्था सुधर रही है तो साल दर साल सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घट क्यों रही है। ईकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक 2014-15 में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 15.42 लाख थी जो घटते-घटते 2017-18 में 14.81 लाख रह गई। नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी किया उसमें स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी, ड्रॉप आउट, छात्र-शिक्षक अनुपात जैसी समस्या सामने उभर कर आई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के छात्रों में सीखने की क्षमता राष्ट्रीय औसत से कम है। सरकारी स्कूल में दाखिले के विपरीत प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि आई है। साल 2014-15 में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 13.47 लाख थी जो 2020-21 में बढ़ कर 17.82 लाख हो गई। यानी 2014-15 से लेकर 2020-21 तक 6 साल के अंतराल में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में जहां 4 लाख 85 की वृद्धि हुई, वहीं सरकारी स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में महज 78 हजार की वृद्धि हुई।

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### त्योहार में भी वेतन नहीं



कृष्णा प्रसाद

राज्य के 2600 बीआरपी सीआरपी को आदिवासी समुदाय के सरहुल, मुस्लिम समाज के ईद में भी मार्च माह का मानदेय नही मिला ,वहीं 17 मार्च को रामनवमी के त्योहार मे भी मानदेय मिलना लगभग नामुमकिन प्रतीत हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में विगत 19 साल से सेवारत बीआरपी सीआरपी को सुध लेने वाला विभाग में कोई नहीं है ,ये पहलीबार नहीं हुआ है कि पर्व - त्योहार मे हजारों परिवार के घर में तंगी ओर मायूसी है । इस बेबसी और मायूसी का कारण विभाग में बैठे अकर्मण्य पदाधिकारी है जो समय पर कार्य नही कर सरकार की किरकिरी करा रही है। विगत 5 वर्षो से अत्यंत अल्प मानदेय प्राप्त बीआरपी सीआरपी के मानदेय में एक रुपया की भी वृद्धि नहीं होना , वोही परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मी ( बीपीओ, अकाउंटेंट, जेई ) जिन्हे पूर्व से ही मोटी राशि वेतन/ मानदेय के रूप मिल रहा था लगातार उनके वेतन वृद्धि की गई , यह विभाग की दोहरी नीति और संबंधित पदाधिकारी का अकर्मण्यता का परिचायक है। पूर्व दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरन्नाथ महतो के निधन के बाद विभाग बेलगाम होकर बीआरपी सीआरपी का शोषण कर रही है, राज्य में शिक्षा मंत्री नही होने का खामियाजा अल्प मानदेय भोगी सीआरपी, बीआरपी भोग रहे है। आज विभाग के वेतन भोगी कर्मियों को अप्रैल माह का एडवांस वेतन मिल गया, सीआरपी- बीआरपी को महत्वपूर्ण पर्व - त्योहार मे मार्च माह का भी मानदेय नही मिला ,कितने निरंकुश एवं लापरवाह है विभाग के शासक और प्रशासक। अत्यंत चिंतनीय है ।

**शिक्षा के क्षेत्र में विगत 19 साल से सेवारत बीआरपी सीआरपी को सुध लेने वाला विभाग में कोई नहीं है ,ये पहली बार नहीं हुआ है,कि पर्व - त्योहार मे हजारों परिवार के घर में तंगी ओर मायूसी है।**

**(अध्यक्ष, बीआरपी सीआरपी एसएस संघ झारखंड)**

लोकतंत्र

# भ्रष्टाचार के विरोध की पटकथा, केजरीवाल और परिवारवाद



सुरेश हिंदुस्तानी

**भारत** एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। यह सभी जानते हैं कि भारत में जनता के लिए जनता का ही शासन है। जनता के शासन का सीधा तात्पर्य यही है कि जनता अपने बीच के किसी व्यक्ति को नायक बनाकर अपना प्रतिनिधि बनाती है। लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोबेश हर राजनीतिक दल आज परिवारवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है। सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का नाराज बुलंद करने का सब्जबाग दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौंपने की ही राजनीति दिखाई दी। इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि अब विपक्षी दल लोकतंत्र के बजाय परिवारवाद को ज्यादा महत्वपूर्ण मान रहे हैं। लोकसभा चुनाव में सत्ता चाह की रास्ते तलाश करने वाला विपक्ष आज पूरी तरह से परिवारवाद की राजनीति को ही चरितार्थ करने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की कवायद करने वाली ही लग रही है। पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल केवल अपने परिवार को ही आगे करके राजनीति करते रहे और आज भी कर रहे हैं, लेकिन अब इस दिशा में आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा भी शामिल हो गई है।

**लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं।**

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

Tanweer Ahmed Siddiquee
2 h
Eid-ul-Fitr ki dhero Mubarakbaad
See Translation



39 · 14 comments

## X - से

Babulal Marandi (Modi Ka Parivar)
@yourBabulal

INDI ठगबंधन की रैली में भ्रष्टाचारी, परिवारवादी और सनातन विरोधी लोगों का जमावड़ा लगने वाला है।

जनता ऐसी देश विरोधी ताकतों को नकार चुकी है।

@BJP4India @narendramodi @JPNadda @AmitShah @blsanthosh @BJP4Jharkhand

Translate post




9:02 PM · 10/04/24 From Earth · 2.6K Views

40 Reposts 3 Quotes 151 Likes

# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल



बोधि वृक्ष

जबकि 'विश्व धरोहर' के रूप में इसकी नई स्थिति ने अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और बोधगया को प्रसिद्धि मिली, इसने कुछ चिंता भी पैदा की है कि बोधगया के आध्यात्मिक और भक्ति चरित्र को बदल दिया जाएगा और यहां तक कि बोधगया को 'संग्रहालय' बना दिया जाएगा - इसके निर्मित अवशेष पवित्र, भक्तिपूर्ण और स्थापत्य प्रथाओं की श्रृंखला की कीमत पर संरक्षित किया जा रहा है जो 2,000 से अधिक वर्षों से इस स्थान की विशेषता रही है।



**बुद्ध की कालातीत सीट**

बोधगया का एक लंबा और जटिल इतिहास है। सहस्राब्दियों से इसका पुनर्निर्माण और पुनर्कल्पना की गई है; यह महत्व और कहानियों में डूबा हुआ है। बौद्ध जगत में और स्थानीय स्तर पर इस स्थान के बारे में विभिन्न प्रकार की धारणाएँ इस स्थल के भौतिक इतिहास में परिलक्षित होती हैं: संरचनाओं, मंदिरों और मूर्तियों का सघन मिश्रण जो दो सहस्राब्दियों तक फैला हुआ है। प्रत्येक जोड़, चाहे वह भौतिक हो या वैचारिक, ने पहले की परत पर निर्माण किया है, जो पहले आया था उसे पूरी तरह से मिटाए बिना बोधगया को बदल दिया है। बोधि वृक्ष, रेलिंग और डायमंड सिंहासन बोधगया में विशाल मंदिर, बुद्ध छवि, शैव महंत के निवास और - एक होटल और एक संग्रहालय के साथ बने हुए हैं।

(समाप्त)

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# और भी 'जालियावाला बाग नरसंहार है भारत में'

**जलियांवाला** बाग नरसंहार 13 अप्रैल को एक सौ चार वर्ष हो जाएंगे। 13 अप्रैल 1919 को जनरल डायर ने वैशाख उत्सव के लिए एकत्रित भीड़ और सैकड़ों निर्दोष नागरिकों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था। इसमें तीन सौ से अधिक लोगों का बलिदान हुआ और डेढ़ हजार से अधिक लोग घायल हुए थे। इनमें से भी अनेक लोगों ने बाद में प्राण त्यागे। ये सब संख्या जोड़े तो मरने वालों के आंकड़ा आठ सौ के पार हो जाता है। भारत में सामूहिक नरसंहार का एक लंबा इतिहास है । अंग्रेजों से पहले भी सामूहिक नरसंहार हुए। हर आक्रांता ने नरसंहार किए हैं। भारत पर विदेशी आक्रमण और विदेशी हमलावरों द्वारा लूट और अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए यह खूनी खेल लगभग बारह सौ वर्ष तक चला। शायद ही कोई ऐसा दिन गया हो जब भारत की धरती अपने ही बेटों के रक्त से लाल न हुई हो। सैकड़ों घटनाओं का जिक्र तक नहीं है । जिनका है उनका एक दो पंक्तियों में मिलता है। यदि सभी सामूहिक नरसंहार की गणना की जाए तो लिखने के लिए पन्ने कम पडेंगे। अंग्रेजों द्वारा भारत में किया गया यह नरसंहार भी पहला या अंतिम नहीं है। अंग्रेजी राज में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे सामूहिक नरसंहार किए जाने की घटनाएं भी पचास से अधिक हैं। इनमें हजारों लोगों का बलिदान हुआ। लेकिन जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार भारतीय इतिहास में एक नया मोड़ लेकर आया । उसके बाद भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में तेजी आई। यह तेजी दोंनो प्रकार के आंदोलन में देखी गई। अहिंसक और आलोचनात्मक संघर्ष में भी और सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन में भी। जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार के बाद मानों भारतीयों की सहनशक्ति जबाब दे गई थी। यह ठीक वैसा ही है जैसे जल से भरा हुआ प्याला एक बूंद पानी भी पचा नहीं पाता। एक अतिरिक्त बूंद और आने पर छलक उठता है। भीतर का पानी भी बाहर फेंकने लगता है। ठीक वैसे ही अंग्रेजों के आतंक से आकंठ डूबे भारतीय जन मानस में एक ज्वार उठ आया । इस घटना के बाद स्वाधीनता संघर्ष को एक नयी गति मिली और पूरा भारत उठ खड़ा हुआ। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं स्वतंत्रता या स्वाभिमान संघर्ष के लिये निमित्त बनी हैं। 1857 में भी यही हुआ था। प्लासी का युद्ध जीतकर ही अंग्रेजों ने भारत में दमन चक्र चलाना आरंभ कर दिया था। जो 1803 में दिल्ली पर कब्जा करने के बाद बहुत तेज हुआ। अंग्रेजों के अत्याचारों का प्रतिकार भी लगातार हुआ। यदि अत्याचार प्रतिदिन हुए तो उनका प्रतिकार भी प्रतिदिन हुआ। किंतु 1857 में मंगल पांडे के बलिदान के बाद भारत में क्रांति की ज्वाला धधक उठी और पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का आरंभ हो गया। बलिदानी मंगल पांडे का प्रतिकार ही 1857 की क्रान्ति का मूल बनी। इतिहास की वही पुनरावृत्ति जलियांवाला बाग कांड के बाद हुई। उस दिन जलियांवाला बाग में लोग किसी संघर्ष के लिये एकत्र नहीं हुए थे। वैशाखी मनाने एकत्र हुए थे। यदि संघर्ष के लिए एकत्र होते तो महिलाओं और बच्चों को भी साथ क्यों ले जाते।

**रमेश शर्मा**

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

### बार-बार अटक रहा है फोन तो व्हाट्सएप्प से इस सेटिंग को करें चेंज

- फिर, आपको मीडिया ऑटो डाउनलोड ऑप्शन दिखाई देगा, जहां आपको फोटो, वीडियो, ऑडियो और डॉक्यूमेंट के चार ऑप्शन दिखेंगे।
- यहां से आप चारों ऑप्शन की सेटिंग में बदलाव करना चाहती हैं। अपनी इच्छानुसार कर सकती हैं।

**व्हाट्सएप की इस सेटिंग क्या फायदे हैं?**

-यदि आपने पहले ही किसी चैट से फोटो डाउनलोड कर लिए है, तो वे आपके फोन में गैलरी में पहले से ही सहेज दिए गए होंगे।
- किसी भी समय किसी की भी चैट से फोटो को मैनुअल रुप से डाउनलोड कर सकते हैं।
- अगर आप भी वीडियो ऑटो डाउनलोड भी बंद करना चाहते हैं, तो आप मोबाइल डेटा पर और वाई-फाई पर विकल्पों के माध्यम से वीडियो चुन सकते हैं।

(समाप्त)

**अपनी पूंजी को सिक्योर रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स**

साइबर सिक्योरिटी लंबे समय से बड़ी समस्या रही है।



अक्सर कई खबरें मिलती रहती है। अभी हाल ही में घटना सामने आई है जिसमें दिल्ली के एक डॉक्टर के क्रेडिट कार्ड पर लिमिट बढ़ाने के नाम पर लाखों रुपये निकाल लिए गए है। आज इस लेख में हम आपको बताएंगे कि ऐसे में आप क्या करें और कैसे फ्रॉड से बचें।

कुछ ही सालों में साइबर सिक्योरिटी और ऑनलाइन फ्रॉड तदाद से बढ़ गया है। आमतौर पर ऐसी घटनाएं आपने कई सुनी होगी।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिल्ली-लखनऊ मैच में पंत और राहुल के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला

**एजेंसी। लखनऊ**

आईपीएल 2024 के 26वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ में शुक्रवार को होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए तीन मुकाबलों में तीनों में बाजी लखनऊ ने मारी है, तो दिल्ली को उनके खिलाफ पहली जीत का इंतजार होगा।




**▸ पंत और राहुल के बीच होगी टक्कर**

दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत और लखनऊ के कप्तान केएल राहुल के बीच टक्कर इस मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण होगी। दोनों आईपीएल के बाद होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह पाने के दावेदार हैं।

**▸ डिकॉक को दिल्ली का कौन गेंदबाज रोकेगा?**

क्विंटन डिकॉक के लिए यह आईपीएल अभी तक मिला-जुला रहा है। उन्होंने दो मैचों में अर्धशतक लगाए हैं तो दो में बिल्कुल सस्ते में भी आउट हुए हैं। दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि वह दिल्ली के लगभग सभी प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ कम से कम 150 के करीब के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इशांत शर्मा के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 154, अक्षर पटेल के खिलाफ 169, खलील अहमद के खिलाफ 189 और हमवतन एनरिख नॉर्खिए के खिलाफ 149 है। दिल्ली टीम में शामिल हुए नए तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स के खिलाफ तो वह 192 के स्ट्राइक रेट से स्कोर करते हैं।

**▸ केएल राहुल को रोकेगी अक्षर-इशांत की अनुभवी भारतीय जोड़ी**

लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने इस आईपीएल में रन तो बनाए हैं, लेकिन उनके स्ट्राइक रेट पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने चार मैचों में एक अर्धशतक और 31 की औसत से 126 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ.128.57 का रहा है। दिल्ली के खिलाफ उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं, क्योंकि वह अक्षर के सामने सिर्फ. 64,70 और इशांत शर्मा के खिलाफ सिर्फ. 66.66 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। अक्षर ने राहुल को पांच पारियों में दो बार आउट भी किया है।

**▸ पड़िक्कल आएं तो नॉर्खिए को लाओ**

जबसे देवदत्त पड़िक्कल लखनऊ की टीम में आए हैं, उनका बल्ला बोल ही नहीं रहा है। चार पारियों में उनके नाम 81 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ. 22 रन है। नॉर्खिए उनकी इस दिक्कत को और भी बढ़ा सकते हैं। नॉर्खिए ने पड़िक्कल को चार में से तीन पारियों में आउट किया है और पड़िक्कल उन पर सिर्फ. 5.66 की औसत से रन बना पाते हैं। हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 154 का रहा है, जो उनके लिए संतोष की बात होगी।

**▸ वॉर्नर का जवाब बिश्नोई के पास**

हर साल की तरह वॉर्नर इस साल भी अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं और उनके नाम पांच पारियों में एक अर्धशतक और 31.60 की औसत से 158 रन हैं। हालांकि लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई उन्हें रोकने की क्षमता रखते हैं। बिश्नोई ने वॉर्नर को चार में से तीन पारियों में आउट किया है, जबकि वॉर्नर, बिश्नोई पर सिर्फ. 3.66 की औसत और 68.75 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

**▸ पंत बनाम सीनियर पांड्या की भिड़ंत भी होगी दिलचस्प**

यूं तो बाएं हाथ के बल्लेबाजों के सामने बाएं हाथ के स्पिनरों को प्रभावी नहीं माना जाता, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पांड्या , ऋषभ पंत को खासा परेशान करते हैं। वह पंत को तीन बार आउट कर चुके हैं, हालांकि पंत भी उन पर 184.21 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

## हार्दिक पांड्या का भाई गिरफ्तार, करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

नई दिल्ली। मुंबई पुलिस ने क्रिकेटर हार्दिक और क्रुणाल पंड्या के सौतेले भाई वैभव पांड्या को गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर एक व्यापारिक साझेदारी में लगभग 4.3 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी। एक रिपोर्ट के अनुसार 37 वर्षीय वैभव पर एक पार्टनरशिप फर्म से लगभग 4.3 करोड़ रुपए के हेर-फेर का आरोप है, जिससे हार्दिक और क्रुणाल पांड्या को काफी वित्तीय नुकसान हुआ। जानकारी के मुताबिक हार्दिक, क्रुणाल और वैभव पांड्या ने मिलकर तीन साल पहले पॉलिमर बिजनेस शुरू किया था। जिसमें तीनों भाइयों ने बिजनेस को खड़ा करने में लगने वाली पूंजी का 40% और वैभव को 20% निवेश करना था जबकि हर दिन का कामकाम वैभव को देखना था। हिस्सेदारी के अनुसार ही मुनाफा भी तीनों में बंटने वाला था। हालांकि वैभव ने कथित तौर पर अपने सौतेले भाइयों को सूचित किए बिना उसी बिजनेस में एक और फर्म स्थापित की, इस प्रकार साझेदारी समझौते का उल्लंघन किया। इससे साझेदारी में खड़ी की गई कंपनी के लाभ में बड़ी गिरावट आई और 3 करोड़ का अनुमानित नुकसान हुआ।

## शुभमन गिल ने आईपीएल में पूरे किये 3,000 रन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 3,000 रन पूरे कर लिए। युवा बल्लेबाज गिल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान इस मुकाम पर पहुंचे। मैच में 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने 44 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 72 रन बनाए, उनके रन 163 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से आए। अब, 97 आईपीएल मैचों और 94 पारियों में, गिल ने 39.04 की औसत और 135 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 3,045 रन बना लिए हैं। उनके आईपीएल करियर में तीन शतक और 20 अर्द्धशतक हैं, जिसमें 129 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वह आईपीएल इतिहास में 24वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। गिल ने 2018-21 तक कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का भी प्रतिनिधित्व किया। केकेआर के लिए 58 मैचों में, उन्होंने 55 पारियों में 10 अर्द्धशतक के साथ 31.49 की औसत और 123.00 की स्ट्राइक रेट से 1,417 रन बनाए। केकेआर के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 76 रन था। 24 वर्षीय खिलाड़ी का पिछला आईपीएल सीजन सबसे अच्छा था।



## रांची के खेलगांव में आज से ओपन टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित टेनिस स्टेडियम में 12 से 14 अप्रैल तक ओपन टेनिस चैंपियनशिप 2024 (सीजन-2) का आयोजन होगा। 14 अप्रैल तक खेले जाने वाली इस चैंपियनशिप में लड़के-लड़कियों के अलावा 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्लेयर्स भी खेलते दिखेंगे। इस प्रतियोगिता में इवेंट कैटेगरी में लड़के-लड़कियों के लिए सिंगल्स में अंडर-10, अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 और ओपन सिंगल्स मैच होंगे। डबल्स कैटेगरी में अंडर-14, अंडर-18, ओपन डबल्स और मिक्स्ड डबल्स मैच होंगे। वेटरन ओपन सिंगल्स और डबल्स में 35 वर्ष या इससे अधिक प्लेयर्स के अलावा 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी भी खेलते दिखेंगे। प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए 12 अप्रैल तक फोन नंबर 9709100205 पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। भागीदारी करने वाले सभी प्लेयर्स को मेडल और सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।



## मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में हमारे ओलंपिक गौरव को बहाल करने की क्षमता : अशोक कुमार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले महीने हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक समारोह में अशोक कुमार को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अशोक कुमार हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध दिग्गज स्व.मेजर ध्यानचंद के पुत्र हैं। इसके साथ ही अशोक कुमार बलबीर सिंह सीनियर, स्व. कैप्टन शंकर लक्ष्मण, हरबिंदर सिंह, ए एस बख्शी, और गुरबक्स सिंह की सूची में शामिल हो गए।

हॉकी इंडिया द्वारा शुरू की गई पॉडकास्ट श्रृंखला हॉकी ते चर्चा के नवीनतम एपिसोड में, अशोक कुमार ने हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त करने पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 1975 विश्व कप फाइनल का रोमांचक अनुभव बताया और अपने पिता मेजर ध्यानचंद के जीवन के किस्से साझा किए। अशोक कुमार ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उनके अधीन प्रशिक्षण के दौरान जूझने की कठिनाइयों पर भी प्रकाश डाला और पेरिस 2024 ओलंपिक में वर्तमान टीम से उनकी अपेक्षाओं को रेखांकित किया।

पुरस्कार के महत्व को लेकर अशोक कुमार ने कहा, निश्चित रूप से, ऐसे क्षण जब आपको आपके प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाता है, जब आपको पहचाना जाता है, गर्व महसूस होता है, लेकिन पुरस्कार का प्रभाव आपके आस-पास के लोगों और युवाओं पर पड़ता है। राष्ट्रीय टीम अधिक महत्वपूर्ण है. मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे यह पुरस्कार मेरे पिता मेजर ध्यानचंद के नाम पर दिया गया, जिन्होंने भारत का नाम पूरी दुनिया में फैलाया। मैं भाग्यशाली हूं कि मैं उन दिग्गज खिलाड़ियों के पीछे खड़ा हूं जिन्होंने मुझसे पहले पुरस्कार जीता है और मैं हमेशा उन्हें अपने कद से ऊपर मानूंगा।



अशोक कुमार ने गुरुवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, यह एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है, हॉकी में आपको मिलने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है लेकिन मेरे लिए, यह मेरे पिता मेजर ध्यानचंद का नाम है जो अधिक महत्व रखता है। मेरा पूरा परिवार इस बात से खुश है कि मैं हॉकी के दिग्गजों की एक विशेष पंक्ति में शामिल हो गया हूं। ध्यानचंद का नाम इतिहास में हमेशा जीवित रहेगा।"

अशोक कुमार उस प्रतिष्ठित टीम का हिस्सा थे जिसने 1975 में फाइनल में पाकिस्तान को हराकर भारत का एकमात्र विश्व कप खिताब जीता था। अशोक कुमार को हमेशा लगता था कि उन्हें अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के साथ अपने पिता का अनुकरण करना होगा लेकिन तब तक उनके करियर में एक स्वर्ण पदक उनसे दूर था। 1975 विश्व कप की शुरूआत से पहले उन्हें टीम में केवल 16वें खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया था और उनके खेलने की संभावना बहुत कम थी। लेकिन जैसा कि नियति को मंजूर था, अशोक कुमार ही थे, जिनकी बदौलत भारत ने फाइनल में पाकिस्तान पर 2-1 से जीत हासिल की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## इन्फिनिक्स नोट 40-प्रो स्मार्टफोन सीरीज आज होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** टेक कंपनी इन्फिनिक्स कल यानी 12 अप्रैल को इन्फिनिक्स नोट 40 स्मार्टफोन सीरीज लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इस सीरीज में दो स्मार्टफोन 'इन्फिनिक्स नोट 40 प्रो 5G' और इन्फिनिक्स नोट 40 प्रो+ 5G' लॉन्च करेगी। इन्फिनिक्स के दोनों स्मार्टफोन में 6.78 इंच का 3D कर्व्ड डिस्प्ले, 108 मेगापिक्सल मेन कैमरा और 256GB स्टोरेज कंपनी दे सकती है। वहीं, इन्फिनिक्स नोट 40 प्रो 5जी स्मार्टफोन में मीडियाटेक डायमेंसिटी 7020 प्रोसेसर और 45W वायर्ड और 20W वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000एमएच की बैटरी मिल सकती है। स्मार्टफोन की शुरूआती कीमत 23,999 हो सकती है। भारत में लॉन्च होने से ग्लोबल मार्केट में ये स्मार्टफोन्स पहले ही लॉन्च हो चुके हैं। उन्हीं के आधार पर हम इस स्मार्टफोन सीरीज के स्पेसिफिकेशन की जानकारी आपके साथ शेयर कर रहे हैं।



**डिस्प्ले :** इन्फिनिक्स के अपकमिंग दोनों स्मार्टफोन्स में कंपनी 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.78 इंच का फुल HD+ एमोलेड 3D डिस्प्ले दे सकती है। जिसकी पीक ब्राइटनेस 1300 नीट्स और 1080X2436 रैजोल्यूशन है।

**कैमरा :** फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए इन्फिनिक्स को दोनों स्मार्टफोन्स के बैक पैनल पर ट्रिपल कैमरा सेटअप में फ्लैश लाइट के साथ 108MP+2MP+2MP का कैमरा मिल सकता है। वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 32 मेगापिक्सल कैमरा मिल सकता है।

**बैटरी :** इन्फिनिक्स नोट 40 प्रो में 45W वायर्ड और 20W वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000एमएच की बैटरी कंपनी दे सकती है। इसमें रिवर्स चार्जिंग की सुविधा मिलने की भी उम्मीद है। वहीं, इन्फिनिक्स नोट 40 प्रो+ स्मार्टफोन में 100W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 4,600,एमएच की बैटरी मिल सकती है।

**OS और प्रोसेसर :** इन्फिनिक्स नोट 40 प्रो में कंपनी मीडियाटेक डायमेंसिटी 7020 प्रोसेसर दे सकती है, जो डर 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर वर्क करेगा। वहीं, इन्फिनिक्स नोट 40 प्रो+ में कंपनी मीडियाटेक डायमेंसिटी 8200 प्रोसेसर दे सकती है।

## ऐप्पल ने भारत सहित 91 देशों के आईफोन यूजर्स को पेगासस मैलवेयर से निशाना बनाए जाने की चेतावनी दी



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ऐप्पल ने भारत सहित 91 देशों के कुछ यूजर्स को नोटिस देकर चेतावनी देते हुए कहा है कि उनके आईफोन को इजरायली एनएसओ समूह के विवादास्पद पेगासस मैलवेयर जैसे मैलवेयर द्वारा निशाना बनाया जा सकता है। ऐप्पल ने हाल हाल ही में हुए लगातार अटैक के लिए किसी भी स्टेकहोल्डर को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। मालूम हो कि अक्टूबर 2023 भारत में सभी पार्टियों के विपक्षी नेताओं को एक ऐसा ही नोटिफिकेशन भेजा था। इस नोटिफिकेशन को कांग्रेस के शशि थरूर से लेकर आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा व टीएमसी की महुआ मोइत्रा तक को भेजा गया था। इस नोटिफिकेशन में उनके आई फोन पर संभावित राज्य-प्रायोजित स्पाइवेयर हमले की चेतावनी दी गई थी।इस पर जब हल्ला हुआ तो सरकार के दबाव के बाद ऐप्पल ने यह स्पष्ट किया था कि कि वह ह्लखतरे की सूचनाओं के लिए किसी विशिष्ट राज्य-प्रायोजित हमलावर को जिम्मेदार नहीं ठहराती है।फि लहाल भारत में ऐप्पल ने नई थ्रेट नोटिफिकेशन ईमेल 11 अप्रैल (गुरुवार) रात 12.30 एएम पर भेजी है। यह ईमेल उन यूजर्स को भेजा गया है जिन पर पेगासुस जैसे स्पाईवेयर का खतरा है। यह पता नहीं चला है कि कितने लोगों को ऐप्पल की तरफ से खतरे की चेतावनी दी गई है। इस ईमेल में एनएसओ-ग्रुप के पेगासस स्पाईवेयर का जिक्र है और बताया गया है कि इस तरह के टूल को दुनियाभर में लोगों को टारगेट करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। नोटिफिकेशन ईमेल में आगे कहा गया, ऐप्पल को पता चला है कि आप पर एक mercenary spyware द्वारा अटैक टारगेट किया जा रहा है जिससे आपकी Apple ID - से जुड़ा iPhone हैक हो सकता है। यह अटैक खासतौर पर आपको निशाना बनाने के लिए हो रहा है और इसकी वजह आपका नाम और आपका काम दोनों हो सकता है। हालांकि, ऐसे हमलों का पता लगाते समय पूर्ण निश्चितता के साथ कुछ भी संभव नहीं है, एप्पल ने पूरे भरोसे का साथ यह चेतावनी दी है, कृपया इसे गंभीरता से लें । ऐप्पल ने थ्रेट मेल में आगे बताया, mercenary spyware अटैक, जैसे कि एनएसओ ग्रुप के पेगासस का इस्तेमाल करने वाले हमले, असाधारण तौर पर बहुत कम होते हैं और नियमित सायबर आपराधिक गतिविधि या उपभोक्ता मैलवेयर की तुलना में बहुत ज्यादा सोफिस्टिकेटेड (परिष्कृत) होते हैं। इस तरह के अटैक में लाखों डॉलर का खर्चा होता है और इन्हें बहुत कम लोगों के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाता है लेकिन यह टारगेट जारी है और दुनियाभर में यूजर्स निशाने पर हैं। एप्पल ने यूजर्स को सावधान रहने की सलाह दी है। इसके साथ ही रिसीव होने वाले सभी लिंक को लेकर सजग रहने को कहा है। साथ ही अनजान लोगों से मिलने वाले किसी भी लिंक या अटैचमेंट को ना खोलने की भी सलाह दी है। हालांकि, ऐप्पल ने यह नहीं बताया है कि आखिर किस वजह से कंपनी को थ्रेट नोटिफिकेशन जारी करना पड़ा है।



## भारत में iPhone की मैन्युफैक्चरिंग 14 अरब डॉलर से हुई ज्यादा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका डिवाइसेज मेकर एप्पल ने पिछले वित्त वर्ष में भारत में 14 अरब डॉर के iPhone की मैन्युफैक्चरिंग की है। देश में बने आईफोन्स में से लगभग 67 प्रतिशत एपल की सप्लायर Foxconn और लगभग 17 प्रतिशत Pegtronf ने असेंबल किए हैं। पिछले कुछ सालों में देश में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग और बिक्री तेजी से बढ़ी है। Bloomberg की रिपोर्ट के अनुसार आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग में कर्नाक में ळंइ Group के प्लांट की भी हिस्सेदारी है। पिछले वर्ष टाटा ग्रुप ने इस प्लांट को Wistron से टेक ओवर किया था। ऐपल ने Bloomberg की रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से मना कर दिया। इस हफ्ते की शुरूआत में Reuters ने रिपोर्ट दी थी कि ताइवान की Pegtron का तमिलनाडु में चेन्नई के निकट आईफोन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट टाटा ग्रुप को बेचने के लिए बातचीत अंतिम दौर में है। इस डील के तहत, इस प्लांट को ऑपरेट करने वाले ज्वाइंट वेचर में टाटा ग्रुप की कम से कम 65 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की योजना है। इस बारे में जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने Reuters को बताया था कि टाटा ग्रुप इस ज्वाइंट वेंचर को अपनी यूनिट Tt Electrofics के जरिए ऑपरेट करेगा। इस प्लांट में लगभग 10,000 वर्कर्स हैं और ये लगभग 50 लाख आईफोन्स की वार्षिक मैन्युफैक्चरिंग करता है। ढीं३१ङ्गल्ल ने पिछले वर्ष चीन में अपना आईफोन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट छ४७२ँ१ को लगभग 29 करोड़ डॉलर में बेचा था। अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ने के कार ऐपल ने अपनी सप्लाई चेन को चीन से बाहर डायवर्सिफाई करने की योजना बनाई है।

## मोटापा कम करने में फायदेमंद साबित हो सकता है शाम का व्यायाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुबह किए गए व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया जाता है, वहीं एक शोध से यह बात सामने आई है कि शाम को शारीरिक गतिविधि में शामिल होने से मोटापे से ग्रस्त लोगों को अधिक लाभ हो सकता है। डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित निष्कर्ष 30,000 लोगों के डेटा पर आधारित थे, जिनको लगभग 8 वर्षों तक निगरानी में रखा गया। सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के शोधकताओं ने पाया गया कि समय से पहले मृत्यु और हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम उन लोगों में सबसे कम था, जो शाम को एरोबिक के माध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। सिडनी विश्वविद्यालय में व्यायाम फिजियोलॉजी के व्याख्याता डॉ. एंजेलो सबाग ने कहा, "कई जटिल सामाजिक कारणों के चलते ऑस्ट्रेलिया के तीन में से दो लोगों का वजन अधिक है, जो उन्हें दिल के दौरे, स्ट्रोक और समय से पहले मौत जैसी प्रमुख हृदय संबंधी स्थितियों के बहुत अधिक जोखिम में डालते हैं।" अध्ययन में टीम ने न केवल संरचित व्यायाम को ट्रैक किया बल्कि 3 मिनट या उससे अधिक समय के निरंतर एरोबिक व्यायाम को ट्रैक करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पाया कि उनकी दैनिक शारीरिक गतिविधि की कुल मात्रा से अधिक फ्रीक्वेंसी मायने रखती है। इसके अलावा टीम ने देखा, "यह पिछले शोध पर आधारित है कि शाम की शारीरिक गतिविधि मधुमेह या मोटापे से जुड़ी कुछ जटिलताओं को दूर करने में मदद कर सकती है।

## दालों की जमाखोरी के खिलाफ निगरानी बढ़ाने का केंद्र ने दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार पर साप्ताहिक रिपोर्ट की व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही जमाखोरी और बाजार में हेरफेर को रोकने के लिए उनके द्वारा घोषित भंडार को सत्यापित करने के लिए कहा है ताकि कीमतों को बेकाबू होने से रोका जा सके। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा राज्यों को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रमुख बंदरगाहों और उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में दालों के भंडार को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और भंडार प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद क्रिएटर्स बोले

# पीएम का विजन गेमिंग में क्रांति लाने वाला है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कई प्रमुख गेमिंग क्रिएटर्स ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कहा कि उनका दृष्टिकोण देश में गेमिंग में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है।

अनिमेष अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायल धरे, नमन माथुर और अंशू बिष्ट जैसे क्रिएटर्स ने पीएम मोदी से मुलाकात की और ई-गेमिंग उद्योग के उदय पर चर्चा की। अग्रवाल और पाटनकर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, हमने हाल ही में प्रधानमंत्री के साथ ईस्पोर्ट्स उद्योग के बारे में एक गहन चर्चा की। उनका दृष्टिकोण भारत में गेमिंग में क्रांति लाने के लिए तैयार है। भारत में इस समय 45-55 करोड़ खिलाड़ियों का एक विशाल गेमिंग दर्शक वर्ग है। हाल के उद्योग आंकड़ों के अनुसार, वित्तवर्ष 2013 में भारतीय गेमिंग उद्योग ने 3.1 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जो वित्तवर्ष 2012 में 2.6 अरब डॉलर से 19 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है। पायल धरे ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि पीएम मोदी के साथ ई-गेमिंग और कंटेंट निर्माण के भविष्य पर चर्चा करने वाली एकमात्र महिला गेमर होना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, हमारी आवाज को पहचानने और इस उद्योग में समावेशिता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए धन्यवाद। इन्वेस्ट इंडिया के अनुसार, ऑनलाइन गेमिंग सेगमेंट भारतीय मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का चौथा सबसे बड़ा सेगमेंट है। इसके 20 फीसदी सीएजीआर से बढ़ते हुए 2025 तक 231 अरब रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। पिछले महीने क्रिएटर्स और प्रभावशाली लोगों के समुदाय ने नई दिल्ली में नेशनल क्रिएटर्स अवाड्र्स के दौरान पीएम मोदी की सराहना करते हुए उन्हें 'नए भारत' का निमार्ता और 'सर्वकालिक महानतम' कहा था।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के दंगवार ओपी क्षेत्र के बेलबीघा पंचायत के काजरात गांव में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, घटना बुधवार की रात की बताई जाती है, वह घर कुछ ही दूरी पर स्थित एक बैर के पेड़ में फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव दल बल के साथ घटनास्थल पर ही पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। गुरूवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार कजरात गांव निवासी सरोज मेहता (32 वर्ष) का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिससे नाराज होकर वह घर से निकलकर बैर के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा ली।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के खैरादोहर निवासी प्रशांत प्रसाद की पत्नी सबिता देवी उम्र 30 वर्ष गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की सबिता देवी गुरुवार सुबह अपने रिश्तेदार के साथ बाइक पर सवार होकर नौडीहा बाजार सामान लेने जा रही थी। इसी बीच रास्ते में बाइक से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उसे इलाज के लिए नौडीहा बाजार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी सविता देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### सलीमपुर प्रीमियर लीग का हुवा आगाज

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के बेनिदाग मैदान में ईद के अवसर पर गुरुवार को सलीमपुर प्रीमियर लीग (एसपीएल) का विधिवत शुभारंभ किया गया। लीग मैच में प्रखंड के कई टीमें भाग ले रही है। लीग मैच का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया गया। मौके पर आयोजनकर्ता शान मोहम्मद, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद वारिस, मुकेश साव, सत्येंद्र कुमार दांगी, बैद्यनाथ दांगी, बंशी दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

### वेलफेयर सोसाइटी ने वैवाहिक को लेकर दिया समाग्री

**कुंदा(चतरा)।** कन्या सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से गुरुवार को कुंदा प्रखंड के बौधाडीह व भूरहा गांव में बेटी के शादी समारोह में समाग्री वितरण किया गया। बौधाडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव व सोसाइटी के हाथों बौधाडीह गांव के चंचल कुमारी पिता रामानंद ठाकुर व भूरहा गांव के रीता कुमारी पिता युगेश यादव को वैवाहिक उपहार समाग्री में कपड़ा, बर्तन, गद्दा-तकिया, गोदरेज समेत अन्य सामग्री दी गई।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचवटी होटल में गुरुवार को भाजपा की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार सिंह व संचालन प्रखंड महामंत्री कुमार राणा ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, प्रखंड प्रभारी शालिग्राम सिंह एवं गोविंद राम दांगी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह को रिकॉर्ड मत से जीत दिलाने को लेकर कार्यकताओं को जिम्मेवारी दी गई। कार्यकताओं ने कहा कि इस बार हमलोग उम्मीदवार को 5 लाख मतों से जीत दिलाकर 400 पार के नारे को सफल बनाएंगे। प्रखंड प्रभारी ने कहा कि हमे प्रत्येक बूथ से सिर्फ जीत ही नही बल्कि बेहतरीन मत लाएंगे तभी हम उम्मीदवार को 5 लाख मत से जीत दिला सकते हैं। इसके लिए सभी कार्यकताओं को घर-घर जाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं को बताने की जरूरत है।

# धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

शहर के पुलिस लाईन में गुरुवार को प्रकृति का पर्व सरहुल धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।त्योहार के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू एसपी पुलिस लाइन पहुंचे। वहां पर उन्होंने लोगों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित एसपी रिशमा रमेशन ने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल प्रकृति से जोड़े रखने का त्योहार है. उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए प्रयास करते रहना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर प्राकृतिक स्वरूप मिल सके।उन्होंने कहा कि लोक जीवन और प्रकृति के बीच अटूट संबंध है, जिसका उदाहरण सरहुल त्योहार है. उन्होंने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल लोगों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाते हुए जीने की सीख देता है।वही लोगों ने इस त्योहार के मौके पर नगाड़ा,मांदर की थाप पर जमकर थिरके। मौके पर उपस्थित पाहन बुद्धि उरांव ने ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि, हरियाली और अच्छी फसल की उपज के लिए मंगलकामना की।बुद्धि उरांव ने बताया की यह परंपरा पूर्वजों के जमाने से चली आ रही है। इस परंपरा को उत्सव के रूप में मनाकर नई पीढी के लोगों को सरहुल व पर्यावरण का महत्व बताना है।समुदाय के लोगों का प्रकृति से प्रेम व अटूट रिश्ता होने के कारण ही पर्यावरण व संस्कृति को अब तक सहेज कर रखा गया है। हम सभी को वातावरण की शुद्धता के लिए पेड़-पौधे लगाने होंगे। हमारा जीवन प्रकृति से जुड़ा हुआ है।

# पलामू में पूरी अकीदत व हर्षोल्लास के साथ मनी ईद



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले में गुरुवार को पूरी अकीदत व हर्षोल्लास के साथ ईद का पर्व मनाया गया। ईद के मौके पर हजारों मुसलमानों ने संबंधित मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-उल-फितर की दो रिकअत नमाज वाजिब अदा की। नमाज के बाद आपसी एकता, भाईचारगी, अमन, कौम व मिल्लत की सलामती, मुल्क की तरक्की,समाज की उन्नति व विश्वबंधुता की अल्लाह से दुआएं मांगी गई।

दुआ खत्म होने के तुरंत बाद संबंधित मस्जिद व ईदगाहों के इमामों ने मिम्बर से खुतबा पढ़ा। इसमें कहा गया कि अल्लाह सबसे बड़ा है। अल्लाह के अलावे कोई पूजनीय नहीं है। सभी तारीफ अल्लाह के लिए है। खुतबा में अल्लाह व उसके रसूल के बताए रास्ते पर चलने की ताकीद की गई। खुतबा के बाद मुसलमानों ने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गले लगाया। मुसाहफा किया व ईद की दिली मुकारकबादी पेश की।गुरुवार की सुबह मुसलमानों ने स्नान कर नए-नए कपड़े पहने। ईत्र व सुर्मा लगाया। मीठी चीज विशेषकर खुजूर व सेवइयां खाईं। सिर पर टोपी पहनकर संबंधित ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचे। वहां वक्त-ए-मुकर्ररह पर ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। इधर रंग-बिरंगे लिबास में सजे-धजे बच्चे लोगों का ध्यान बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। नमाजियों की अत्याधिक संख्या बढ़ जाने के कारण कई मस्जिदों के बाहर बड़ी संख्या में मुसलमानों ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा की।

### सरहुल पर्व पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड से सरहुल पर्व के मौके गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। लोग लोग डीजे पर बज रहे गाना पर फिरते हुए शहर की ओर बढ़ रहे थे। शोभा यात्रा को देखने के लिए सैकड़ो लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। शोभायात्रा छह मुहान चौक पर पहुंच कर लोग दूसरे एक दूसरे से मिलकर एक दूसरे को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दिए। सरहुल महोत्सव सुबह में शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। सदर प्रखंड के चियांकी, बारालोटा, सुआ कौड़िया, झाबर, पोखरहा शाहपुर, चांदो, लेस्लीगंज, ललहे, और रजवाडीह में अदिकुरूख सरना समाज के नेतृत्व में सरहुल पूजा की गयी।

### आपसी एकता व भाईचारगी बढ़ाता है ईद : मों शफीक अंसारी



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में आज ईद मिलन समारोह कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कार्यक्रम में शरीक हुए सभी बच्चों को 50 रूपए का नया नोट और सभी शिक्षकों को 500 रूपए ईद का तोहफा दिए और गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दिए। आगंतुक अतिथियों के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा खाने का शानदार प्रबंध किया गया था। सभी शिक्षक, बच्चें और अभिभावकों ने सेवइयां, छोला, दही बड़ा, गुपचुप आदि खाकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया और कार्यक्रम को खूब सराहा। वार्ड पार्षद निरा देवी ने अपने सम्बोधन में कहा रमजान के पूरे महीने रोजे रखकर मुस्लिम मन और तन से पवित्र हो जाते है। समाजसेवी भोला पासवान, बबलू पासवान, ललन पासवान ने संयुक्त रूप से कहा ईद गला मिलकर सभी गिला शिकवा को भूलने का संदेश है। कार्यक्रम का अध्यक्षता उप प्राचार्य अफजल शफीक कर रहे थे। इस मिलन समारोह में विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग सभी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का उपस्थिती बनी हुई थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुनिता प्रसाद, राहुल पाण्डेय, किशन कुमार, धनंजय भुईयां, गुड़ी देवी, विमला देवी, मनोज उरांव सहित उपस्थित अनेकों छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

### पाण्डेयपुरा में महारुद्र यज्ञ को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा स्थित ठाकुरबाड़ी में महारुद्र यज्ञ को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें महारुद्र यज्ञ को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यज्ञ की तिथि का निर्धारण कर स्थल का चुनाव किया गया। जिसमें नौ दिवसीय महारुद्र यज्ञ 26 मई से प्रारम्भ हो कर 3 जून तक चलेगा। साथ ही सफल संचालन व आयोजन को लेकर यज्ञ महासमिति का गठन लोगो की सहमति से अध्यक्ष देवनन्दन प्रसाद (शिक्षक), उपाध्यक्ष पवन कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, उप कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद, सचिव बिनोद कुमार तिवारी, उप सचिव धीरज प्रसाद, व्यवस्थापक रंजीत कुमार, राजेश कुमार, सुमन प्रसाद, सनोज कुमार, विजय तिवारी, यज्ञ मंडप व्यस्थापक रंजीत ठाकूर, छोटू कुमार, चंदरू यादव, विजय प्रसाद, भोजन व्यस्थापक दिलीप कुमार, पंकज कुमार, अनील यादव, संरक्षक बिनोद प्रसाद, सुरेंद्र तिवारी, लखन दास, ललन सिंह, धनु राम, उमेश ठाकुर, प्रवचन मंच संचालक कृष्ण देव ठाकुर, बसंत नारायन सिंह बनाए गए। वहीं महिला मंडल संरक्षक शीला देवी, वीणा देवी, बरती देवी, संतरी देवी, अनिता देवी मनोनीत की गई। जबकी मीडिया प्रभारी निशांत तिवारी व रोहित अलवेला के अलावे सदस्य सुरक्षा मंडली में अकाश कुमार, सौरव कुमार, अंकित कुमार, राम निवास कुमार, सौरव कुमार समेत दर्जनों नवयुवकों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# आज से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा चार दिवसीय चैती छठ महापर्व

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ व्रत-अनुष्ठान 12 अप्रैल, शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो जायेगा। व्रती स्नान-ध्यान कर छठी मईया की आराधना करेंगे। 13 अप्रैल को खरना का निर्जला उपवास रखा जायेगा। व्रतधारी महिला, पुरुष इस दिन शाम ढलने के बाद पूजा-अर्चना कर छठी मईया को शुद्ध रूप से पकाये गये खीर आदि पकवान का भोग लगायेंगे। इसके बाद स्वयं ग्रहण कर अपना उपवास तोड़ेंगे। फिर परिवार सहित इष्ट-मित्रों के बीच प्रसाद रूप में उसे वितरण किया जायेगा। मान्यता है कि खरना का महाप्रसाद पाने वालों का जीवन धन्य हो जाता है। रोग-शोक से मुक्ति मिलती है। जीवन में सदा सुख और समृद्धि बनी रहती है। इसी भाव से खरना का प्रसाद पाने को लोग लालायित रहते हैं। 14 अप्रैल को पहला अर्घ्य है। शहर के विभिन्न तालाबों, डैम और जलाशयों में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इसे लेकर लोग छठ पूजा के लिए



घाट की साफ-सफाई में जुटे लोग

# देवी गौरी प्रिया के प्रवचन में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवादाता। सिमरिया (चतरा)**

सिमरिया प्रखंड के सबानो गांव में आयोजित रुद्र महायज्ञ में वृंदावन से पधारी देवी गौरी प्रिया के कथा सुन्ने भारी भीड़ उमड़ रही है। उनके सुमधुर भजन संकीर्तन में लोग झूम रहे हैं और भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। बीते रात कथा वाचिका ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का सरस वर्णन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने नवरात्र के महत्व और देवी पूजन को अत्यंत फलदाई बताया। उन्होंने कहा कि जहां यज्ञ का आयोजन होता है वहां चौंतीस कोटि देवता निवास करते हैं। यज्ञ में कलश स्थापना के बाद अग्नि प्रवेश कराया जा चुका है। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार से संपूर्ण गांव गूंज रहा है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा और माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। यज्ञ को लेकर मीना बाजार भी लगाया गया है, जिसका महिलाएं और बच्चे जमकर आनंद उठा रहे हैं। यज्ञ को लेकर सड़कों पर आकर्षक तोरण द्वार लगाए गए हैं और संपूर्ण गांव को भगवा ध्वज से पाट दिया गया है।

### श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के कलशयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के खधैया में भगवान श्री विश्वकर्मा जी के मंदिर में पांच दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा सह महायज्ञ अनुष्ठान हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें शामिल 501 कलशधारी श्रद्धालुओं ने खधैया के दो मुहाने नदी से कलश में विधिवत जल उठाकर हर्षोल्लास पूर्वक गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप पहुंचकर स्थापित किया। बताया गया कि यज्ञ अनुष्ठान आचार्य बंशीधर पांडेय द्वारा कराया जा रहा है। जिसका समापन 15 अप्रैल को होगा। कलश यात्रा में स्थानीय मुखिया समेत रामदेव राणा, बोधन राणा, सुखारी राणा, प्रमोद सिंह, ईश्वर दयाल पांडेय, संजीव पांडेय, देवनाथ महतो व अन्य शामिल थे।

# शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हुआ ईद का त्यौहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/प्रतापपुर/पत्थलगड़ा/गिद्धौर/टंडवा।** 30 दिनों तक रोज रखे जाने के बाद बुधवार शाम चांद दिखने के साथ ही गुरुवार को जिला मुख्यालय के साथ इटखोरी, गिद्धौर, मयूरहंड, पत्थलगड़ा, टंडवा, सिमरिया व प्रतापपुर आदि प्रखंडों में आपसी प्रेम, उल्लास और भाईचारे के साथ ईद मनाई गई। मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई। प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय जामा मस्जिद व कुकुरमन मस्जिद में सुबह 8 00 बजे और गजवा मस्जिद में लगभग 7:45 पर चन्द्रीकला मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई। गजवा निवासी ताबिश खान ने बताया कि ईद का त्यौहार हम सभी मुस्लिम भाइयों का सबसे बड़ा त्यौहार है। इस त्यौहार में एक महीने तक कठिन तपस्या के साथ 30 रोजा रखने के बाद चांद का दीदार हुआ और इसे हम लोग ईद के रूप में आज मना रहे हैं। इस त्यौहार में सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे से गले मिलते हैं और सेवइयां खाने और खिलाने का दौर चलता है। चन्द्री पंचायत के जितेंद्र सार्थक ने भी पंचायत सहित पूरे प्रखंड के मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह, नावाडीह, डमोल, नोनगांव व सिंघानी के मस्जिदों में गुरुवार को सामूहिक रूप से ईद उल फितर की नमाज अदा हुई।

## न्यूज बॉक्स

### दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



**पांकी ।** पांकी प्रखंड के सतीयाड़ी चौक के पास गुरुवार की दोपहर एक दुकान में आग लग गयी। इस अगलगी में दुकान में रखा सारा सामान जल गया। दुकान का सामान जलने से अकबर अंसारी को करीब पांच लाख का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि दुकान में किराना का सामान के साथ फल भी रखा था। अचानक फल के प्लास्टिक कैरेट में आग लग गयी। देखते ही देखते आग पूरे दुकान में फैल गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा किराना, फल समेत अन्य सामग्रियां जलकर राख हो गयी।

### नगर प्रशासन ने शुरू की खराब पड़े सरकारी चापाकलों की मरम्मती



**हरिहरगंज।** गर्मी में पेयजल की समस्या से निजात दिलाने को लेकर हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती कार्य शुरू कर दी गयी है. यह जानकारी नगर पंचायत के सामुदायिक संगठन कार्यकर्ता विचित्रा कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया और नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी के निर्देशन से ब्लॉक कैंपस में आंगनबाड़ी केंद्र के पास खराब पड़े चापानल को बनवाकर मरम्मती कार्य शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में कहीं भी खराब पड़े सरकारी चापानल की मरम्मती के लिए नगर पंचायत कार्यालय में लिखित आवेदन दिया जा सकता है। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों के सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य लोगों से कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए आम लोगों को पानी पीने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े इसे लेकर नगर प्रशासन तत्पर है।

### पर्यावरण व जल संरक्षण को बढ़ावा देने को लेकर झारखंड यात्रा पर निकले मनीष पहुंचे गिद्धौर



**गिद्धौर(चतरा)।** लातेहार के नेतरहाट बनारी गांव निवासी मनीष कुमार आदिम जनजाति के सशक्तिकरण के साथ पर्यावरण व जल संरक्षण को बढ़ावा देने को लेकर 150 दिनों के झारखंड यात्रा कर रहे हैं। मनीष ने यात्रा 17 मार्च से प्रारंभ कर गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा का दौरा करते हुए गुरुवार को गिद्धौर होते कोडरमा गए। इसी क्रम में मनीष के गिद्धौर पहुंचने पर युवाओं ने उनका स्वागत गर्म जोशी के साथ किया। युवाओं ने मनीष को झारखंडी गमछा देकर सम्मानित किया। जबकि सहयोग राशि भी प्रदान किया। दौर के क्रम में मनीष कुमार प्रखंड के जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों से मुलाकात किया। इस क्रम में उनके रहन-सहन, स्वास्थ्य शिक्षा सहित अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने बिरहोर परिवारों से स्वास्थ्य, शिक्षा, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। समापन के पश्चात एक लाख पौधारोपण किया जाएगा। जबकि जल संरक्षण को लेकर कम से कम 50 तालाब का निर्माण भी किया जाएगा। आदिम जनजाति परिवारों के उत्थान को लेकर कई कार्यक्रम संचालित है। जिसमें बिरजिया, असुर, बिरहोर, कोरबा, पहाड़िया जनजाति के लोगो का सशक्तिकरण पर कार्य किया जा रहा है। वहीं उपस्थित युवाओं से पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर आगे आने का आह्वान किया। स्वागत के दौरान देवनारायण दांगी, संजय दांगी, विनय कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीओ ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ कई गांव का भ्रमण किया। इस क्रम में विशेष अभियान के तहत जोड़े गए नए मतदाताओं की जानकारी भी ली। जबकि घर-घर जाकर इसका सत्यापन भी किया। अंचल अधिकारी ने बारियातु पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 182, 183 व 184, गांगपुर के 185, मारंगी के 181 व सलगा के 171 मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने का आह्वान किया। जबकि लोकतंत्र के महापर्व में बाढ़-चलकर भाग लेने के साथ अन्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने की अपील की। सीओ के साथ संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ सहित अन्य शामिल थे।

### श्रद्धापूर्वक मनाया गया सरहुल त्यौहार



**चतरा/पत्थलगड़ा।** जिला मुख्यालय के अलावे पत्थलगड़ा आदि प्रखंड़ों में हर्षोल्लास के साथ सरहुल पर्व मनाया गया। पत्थलगड़ा के मैराल पंचायत में सरहुल पर सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित होकर एक दूसरे को पर्व की बधाई जोहार के संबोधन के साथ देते नजर आएं। ज्ञात हो की सरहुल में आदिवासी समाज के लोग प्राकृतिक की पूजा करते हैं साथ ही ढोल मंदार की थाप पर संथाली नृत्य, गीत गाकर लोग खुशियां मनाते हैं। उपस्थित लोगों ने कहा, हम आदिवासी प्रकृति से अत्यंत प्रेम करते हैं तथा प्रकृति अर्थात वन के निकट रहकर वन की रक्षा करते हैं। यह संकल्प पूरे भारतवासियों को लेनी चाहिए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। सरहुल झारखंड का लोकप्रिय त्यौहार है, जो पूरे झारखंड में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

## पेज एक के शेष

### उत्तराखंड के ऋषिकेश में...

पर सवाल उठाए हैं। ये कांग्रेस ही है, जिसने पहले राम मंदिर का विरोध किया। राम मंदिर के निर्माण से पहले अड़ंगे डालने की कोशिश की। अदालत में रुकावट डालने की कोशिश की। लेकिन, राम मंदिर बनाने वालों ने कांग्रेस के सारे गुनाह माफ करके उन्हें निमंत्रण (प्राण प्रतिष्ठा का) दिया। मगर, उन्होंने घर पर निमंत्रण पाने के बाद भी प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आने से इनकार कर दिया। कांग्रेस के नेताओं ने इस आयोजन का भी बहिष्कार किया। पीएम मोदी ने आगे कहा, अब तो कांग्रेस ने प्रण लिया है, सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि हिंदू धर्म में जो शक्ति है, उसका विनाश करेंगे। ये कांग्रेस शक्ति स्वरूपा मां धारी देवी, मां चंद्रबदनी, मां ज्वाल्पा देवी को खत्म करना चाहती है। उत्तराखंड की आस्था को तबाह करने की जो साजिशें चल रही हैं, उसमें कांग्रेस की ये बातें आग में घी का काम करेंगी। उत्तराखंड की संस्कृति की रक्षा करना, हम सभी का दायित्व है। पीएम मोदी ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा, जब कांग्रेस की सरकार थी, तब लोगों के हक का पैसा बिचौलिए खा जाते थे। अब लोगों के हक का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जा रहा है। ये लूट मोदी ने बंद की है, इसलिए मोदी पर उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है। कांग्रेस के नेताओं के लिए तो पहले दिल्ली का शाही परिवार और फिर अपना परिवार ही सब कुछ है। लेकिन, मोदी के लिए तो मेरा भारत ही मेरा परिवार है।

### 15 नक्सलियों ने...

के समक्ष सामूहिक रूप से सरेंडर किया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ साल 2022 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साल 2022 से अबतक कुल 161 नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। साल 2022 और 2023 में कुल 11 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।

### तमाड़ : 8 किलो का प्रेशर...

आईईडी प्रेशर कुकर में बंद कर पुलिया के नीचे रखा हुआ था। इसे सशस्त्र सीमा बल डूंगरडीह के 26वीं वाहिनी की टीम ने सर्च अभियान के दौरान बरामद किया। बम मिलने की सूचना तुरंत झारखंड जगुआर को दी गई। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने बम को डिफ्यूज कर दिया। बुंडू डीएसपी रतिभान सिंह ने गुरुवार को बताया कि प्रेशर कुकर में फिट किया हुआ आईईडी बम बरामद किया गया था। उसे डिफ्यूज कर दिया गया है।

### एनआईए ने पीएलएफआई ...

छापेमारी और तलाशी ली। एनआईए ने खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में 11,000 रुपये, दो वॉकी टॉकी, पांच मोबाइल फोन, सिम कार्ड के साथ-साथ पीएलएफआई से संबंधित दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री एनआईए की टीम ने जब्त किए है। चार मामलों में वांछित बिनोद मुंडा पीएलएफआई का एक सशस्त्र कैडर है। एनआईए जांच में पता चला है कि बिनोद मुंडा झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कोयला कारोबारी, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों सहित अन्य कारोबारी से रंगदारी वसूलता था। बिनोद मुंडा खूंटी पुलिस का भी वांछित था। हालांकि वह कई वर्षो से रांची नगड़ी इलाके में सक्रिय था। एनआईए ने संगठन के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन को पुनर्जीवित करने की कोशिश करने के लिए मार्टिन केरकट्टा और पीएलएफआई के अन्य सदस्यों के खिलाफ आईपीसी और यूएपीए की धाराओं के तहत 11 अक्टूबर 2023 को मामला दर्ज किया गया था।

### इन नक्सलियों ने ...

- बोयो कोड़ा (46), ग्राम- रेंगड़ाहातु, थाना-टोंटो, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इसके विरुद्ध टोंटो थाने में 2 मुकदमे दर्ज हैं।
- जोगेन कोड़ा (44), ग्राम- रेंगड़ाहातु, थाना- टोंटो, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इस नक्सली के खिलाफ टोंटो थाने में 2 मुकदमे दर्ज हैं।
- पेलोंग कोड़ा उर्फ नीशा कोड़ा (19), पति- सोनू चांपिया, ग्राम- रेंगड़ाहातु, थाना- टोंटो, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इसके विरुद्ध टोंटो थाने में 2 केस दर्ज हैं।
- सोनू चांपिया (19), ग्राम- बाहदा, थाना- छोटा नागरा, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। सोनू चांपिया भाकपा माओवादी संगठन के लोकल गुरिल्ला स्क्वायड का सदस्य रहा है।
- रामजा पुरती उर्फ डुगूद पुरती (49), ग्राम- तुंबाहाका, टोला- पुरती टोला, थाना- टोंटो, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इसके विरुद्ध टोंटो थाने में 2 मुकदमे दर्ज हैं।
- भाकपा माओवादी के एक नाबालिग सदस्य के विरुद्ध टोंटो थाना में यूएपीए, सीएलए, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत एक मुकदमा दर्ज है।
- सोहन सिंह हेम्ब्रम उर्फ सीनू (24), ग्राम- तुम्बाहाका, टोला- बारूसाई टोला, थाना- टोंटो, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इस नक्सली के विरुद्ध टोंटो थाना में एक केस दर्ज है।
- डोरन चांपिया उर्फ गोलमाय (23), ग्राम- बोयपाई सासांग, थाना- गोईलकेरा, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। डोरन वर्ष 2016-17 से भाकपा माओवादी संगठन का सब जोनल कमेटी सदस्य रहा है।
- सुशील उर्फ मोगा चांपिया (50), ग्राम- तितलीघाट, थाना-छोटानागरा, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। इसके विरुद्ध नोवामुंडी थाने में एक केस दर्ज है।
- मनी चांपिया (40), पति- सुशील उर्फ मोगा चांपिया, ग्राम- तितलीघाट, थाना- छोटानागरा, जिला- पश्चिमी सिंहभूम। मनी अपने पति के साथ भाकपा माओवादी के दस्ते की सक्रिय सदस्य थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# अदा हुई ईद की नमाज, लोगों ने दी एक-दूसरे को बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर में गुरुवार को ईद की नमाज अदा की गई। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। राजधानी दिल्ली सहित देश भर में गुरुवार को ईद मनाई गई। मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में नमाज के लिए जमा हुए। दिल्ली की जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी जमा हुए।



### राष्ट्रपति समेत अन्य नेताओं ने भी ईद की मुबारकबाद दी

भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत अन्य नेताओं ने भी सभी देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी है। एक माह तक चले पवित्र रमजान के बाद बुधवार शाम आखिर ईद के चांद का दीदार हो गया। इसलिए देश के अधिकांश हिस्सों में गुरुवार को ईद मनाई जा रही है। दिल्ली की जामा मस्जिद और फतेहपुरी मस्जिद में भी नमाज अता की गई। ईद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देती हूं। रमजान के पावन महीने के बाद मनाये जाने वाले इस पर्व से एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार होता है। खुशियां बांटने का यह त्योहार क्षमा और दान करने की प्रेरणा देता है। मैं इस पवित्र अवसर पर कामना करती हूं कि हमारा देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़े और सब देशवासी सदा अमन-चैन से रहें।

सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने भी सभी को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दीई क पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद भी इस अवसर पर दिल्ली में मौजूद रहे। नमाज के बाद उन्होंने कहा कि ईद के दिन भारत में लोग खुशियां मनाएं, देश में एकता व खुशहाली हो, हम यही दुआ करते हैं।

भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने ईद-उल-फितर पर दिल्ली के संसद मार्ग स्थित मस्जिद में नमाज अदा की। नमाज के बाद उन्होंने कहा कि वो सभी को ईद की मुबारकबाद देते हैं।

**महेंद्रगढ़ में ईद के दिन स्कूल बस पलटी**

# 7 बच्चों की मौत और 15 घायल


**एजेंसी। महेंद्रगढ़ (हरियाणा)**

महेंद्रगढ़ के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस पलटने से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में 7 बच्चों की मौत हो गई और 15 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई, इसी दौरान आसपास के लोगों एवं सड़क पर दोनों ओर से आ रहे वाहन चालकों ने मौके से बच्चों को बस से निकालकर अपने वाहनों में अस्पतालों में पहुंचाया। हादसे के बाद महज आधे घंटे में ही घटना स्थल पर 300 से अधिक लोग मदद को पहुंच गए। पुलिस ने गाड़ी चालक को मौके से ही हिरासत में ले लिया। बच्चों को कनीना के एक निजी तथा उप नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चार बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि हादसे के महज एक घंटे बाद ही गंभीर रूप से घायल 3 बच्चों ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद मौके पर ही चार बच्चों की मौत हो गई थी।

**राष्ट्रपति व पीएम ने जताया दुख :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस दुर्घटना में अनेक मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह क्रूर आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

**हरियाणा सीएम नायब सैनी ने जताया दुख :** सीएम नायब सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं उन शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने मासूम बच्चे खोए हैं। स्थानीय प्रशासन घायलों की सहायता के लिए मुस्तैद है। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# बारामूला जिले में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 सहयोगी गिरफ्तार



**एजेंसी। बारामूला**

सुरक्षा बलों ने गुरुवार को बारामूला जिले में एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि बारामूला पुलिस को लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े कुछ अज्ञात आतंकवादियों के बारे में सूचना मिली थी। खुफिया जानकारी में बताया गया था कि आतंकवादी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के इरादे से बारामूला शहर में घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि गनी हमाम बारामूला निवासी ओवैस अहमद, बासित फैयाज कालू और मीर साहब ओल्ड टाउन निवासी फहीम अहमद मीर आतंकवादियों की सहायता कर रहे थे हैं। ये सहयोगी सुरक्षा बलों की गतिविधियों, आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर बारामूला में शांति प्रक्रिया को बाधित करने के लिए अपने आकाओं को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशन बारामूला में यूएपीए अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर (संख्या 79/2024) दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तीनों आतंकी सहयोगियों को ओल्ड टाउन बारामूला में पकड़ा गया।

# एक झटके में मिटा देंगे गरीबी : राहुल

### हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान टैक्स दे रहा

**एजेंसी। जोधपुर**

जोधपुर के फलोदी में राहुल गांधी ने कहा, पिछले 10 साल प्रधानमंत्री ने आपको अलग-अलग वादे किए। डाले नहीं, 15 लाख रुपये निकाल लिए। किसान, मजदूर, युवाओं और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ नहीं किया। नरेंद्र मोदी जी ने पिछले 10 साल चुने हुए लोगों को देश का पूरा धन दे दिया। राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान के कोने-कोने में चले जाओ, एक ही नाम दिखाई देगा। एयरपोर्ट अडानी, बिजली अडानी। सारा का सारा फायदा एक व्यक्ति को नरेंद्र मोदी ने दिया है। मैंने उनके बारे में पार्लियामेंट में भाषण दिया। मेरी सदस्यता ले गए। सुप्रीम कोर्ट ने मुझे फिर से एमपी बनाया। मैंने सिर्फ नरेंद्र मोदी जी से ये पूछा, हर इंडस्ट्री में अडानी जी क्यों दिखते हैं। मैंने मोदी जी से पूछा कि आपका इनके साथ क्या रिश्ता है। मेरी सदस्यता रद्द कर दी और फिर मेरा घर ले लिया। ये सोचते हैं कि मैं चुप हो जाऊंगा। मैंने चाबी इनको दी और कहा, मुझे घर नहीं चाहिए। मेरे करोड़ों घर हैं हिंदुस्तान में।

राहुल गांधी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व कैबिनेट मंत्री शाले मोहम्मद, पूर्व विधायक किसनाराम बिश्नोई, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा, कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी रहे प्रकाश छंगाणी, कांग्रेस नेता कुंभ सिंह पातावत, महेश व्यास, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इलमद्दीन मौजूद रहे।



**'गरीब परिवार की महिला को मदद'**

राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के हर गरीब परिवार की एक महिला को हमारी सरकार साल का एक लाख रुपये बैंक अकाउंट में डालेगी। हर महीने 8,500 रुपये सरकार उस दिन तक देगी, जब तक कि आप गरीबी रेखा से बाहर न आ जाएं। यदि आप गरीबी रेखा के नीचे हो, आपके बैंक अकाउंट में हर महीने 8,500 रुपये आते रहेंगे। एक झटके में हिंदुस्तान से हम गरीबी को मिटा देंगे। हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान टैक्स दे रहा है।

### राहुल गांधी ने किया सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा

**बीकानेर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कहा कि केंद्र में अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हम तीस लाख सरकारी नौकरियां लोगों को देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकारी संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी। राजस्थान के अनूपगढ़ में गुरुवार को बीकानेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंदराम मेघवाल के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए राहुल ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू करेंगे। अगर नरेन्द्र मोदी उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की दो सौ सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किए हैं। हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता। राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं। उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और महंगाई है लेकिन मीडिया को जनता की समस्या नहीं दिखती, क्योंकि उनके मालिक नहीं चाहते हैं। वे अंबानी की शादी दिखाएंगे, लोग हजारों की संख्या में विदेशों से घूमने आ रहे हैं, ये दिखाएंगे। मोदी को समुद्र में छलांग लगाते दिखाएंगे लेकिन आम लोगों की समस्या नहीं दिखतीं।

# पाकिस्तान में ट्रक खाई में गिरा 17 तीर्थयात्रियों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के हब जिले में बुधवार रात करीब 11 बजे शाह नूरानी दरगाह जा रहे तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक ट्रक खाई में गिर गया। इस हादसे में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) सकरो वाजिद अली ने हादसे की पुष्टि की है। हादसे में ट्रक ड्राइवर करीम बख्श भी घायल हो गया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया गया है। यह ट्रक थट्टा से तीर्थयात्रियों को लेकर चला था। हताहत और घायल मकली के कासिम जोखियो गांव के रहने वाले हैं। मृतकों में 15 की पहचान कर ली गई है। घायलों को कराची के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। शाह नूरानी दरगाह कराची से लगभग 200 किलोमीटर दूर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में मुठभेड़, एक आतंकी मारा गया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन में गुरुवार को एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि एक अज्ञात आतंकवादी का शव पुलवामा शहर से दो किमी दूर फ्रैसीपोरा गांव में मुठभेड़ स्थल पर पड़ा है। पुलिस ने कहा, ऑपरेशन अभी भी जारी है। गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सेना और पुलिस ने गुरुवार तड़के घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बल जैसे ही छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी।

### भाजपा ने भदोही से डॉ. विनोद कुमार बिंद को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपनी 11वीं सूची जारी की। इस सूची में भदोही लोकसभा संसदीय सीट से उम्मीदवार की घोषणा की गई है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की भदोही सीट से डॉ. विनोद कुमार बिंद को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा राज्य की 71 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। कैसरगंज, रायबरेली, देवरिया और फिरोजाबाद सीटों पर अभी उम्मीदवार घोषित होना बाकी है। गौरतलब है कि पांच सीटें भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को दे रखी हैं।

# पीएम ने महात्मा ज्योतिबा फुले को जयंती पर नमन किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर नमन किया। मोदी ने सामाजिक न्याय एवं दलितों को सशक्त बनाने में उनके महान योगदान को भी याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज हम महान महात्मा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हैं। एक दूरदर्शी समाज सुधारक जिन्होंने अन्याय से लड़ने और समानता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, उनके विचार लाखों लोगों को शक्ति देते हैं। शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों ने समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

**मीसा भारती के बयान पर विजय सिन्हा भड़के, कहा**

# चपरासी क्वार्टर से महलों के राजा कैसे बने, देना होगा हिसाब

**एजेंसी। पटना**

राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी और पाटलिपुत्र से महागठबंधन प्रत्याशी मीसा भारती के इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री और भाजपा नेताओं के जेल में होने वाले बयान पर भाजपा भड़क गई है। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीसा भारती के बयान पर कहा कि चपरासी क्वार्टर से महलों के राजा कैसे बन गए, सभी का हिसाब देना होगा। मीसा भारती ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर बोलते हैं। अब परिवारवाद पर क्यों चुप हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड पर कौन जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। अगर देश की जनता का साथ मिला और इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का मौका मिल गया, तो प्रधानमंत्री सहित भाजपा के कई नेता जेल के अंदर होंगे।

### मानसिक संतुलन खो चुकी है मीसा : दीपक प्रकाश



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल की राज्यसभा सांसद और लालू यादव की बेटी मीसा भारती के बयान पर भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा सांसद ने कहा कि मीसा भारती का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है, इसलिए वे ऐसी बयान दे रही है। देश ही नहीं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शुमार पीएम नरेंद्र मोदी के बारे में ऐसी अभद्र टिप्पणी करना राजद के नेताओं की बौखलाहट साफ दिख रही है और इसका करारा जवाब बिहार की जनता इस लोकसभा चुनाव में देगी। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने पीएम के बारे में कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर पीएम सहित कई भाजपा नेता जेल जाएंगे।

# हम हिंदू-मुसलमान नहीं, सभी धर्मों की बात करते हैं : राजनाथ

### मध्य प्रदेश बीमारू राज्य नहीं रहा, ग्रोथ का इंजन बन गया है

**एजेंसी। रीवा**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सबको साथ में लेकर चलते हैं। मध्यप्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, मप्र ग्रोथ का इंजन बन गया है। जब अधिकार नहीं, कर्तव्य का बोध हो तब रामराज्य होता है। भाजपा वाले हिंदू-मुसलमान नहीं करते, सभी धर्मों की बात करते हैं। हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। रक्षा मंत्री सिंह गुरुवार को रीवा लोकसभा क्षेत्र में मऊगंज जिले के देवतालाब में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इकोनॉमी में भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था। आज पांचवें स्थान पर है और 2024 के खत्म होते ही भारत टॉप तीन देशों में होगा। विश्व की कोई आर्थिक शक्ति बनेगा तो वह भारत बनेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम जो कहते हैं, वह करते हैं। हम सोच-समझ कर और नाप-तौल कर घोषणापत्र तैयार करते हैं। भाजपा 1984 से लगातार अपने घोषणापत्र में कहती चली आ रही है कि हमारी सरकार बनेगी, संसद के दोनों सदनों में हमें बहुमत मिलेगा तो अयोध्या की धरती पर भव्य राममंदिर बनाने से हमें दुनिया की कोई ताकत नहीं रोग पाएगी। यह हुआ है अदालत के फैसले से, लेकिन अवसर हम लोगों को मिला है। भगवान राम अपनी झोपड़ी से निकल कर अपने महल में स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं देश के किसी भी कोने में जाता था तो लोग कहते थे कि मध्यप्रदेश में 2003 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है लेकिन इस बार चुनाव में मामला डवांडोल है। भाजपा की सरकार मध्यप्रदेश में नहीं बन पाएगी। ईमानदारी से कह रहा हूं कि मेरे मन में भी यह शंका थी, लेकिन जब मैं मध्यप्रदेश में सभाओं को संबोधित करने आया और यहां से लौटने के बाद मेरी प्रधानमंत्री से बात हो रही थी तो मैंने कहा कि भारी बहुमत से मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। आप लोगों ने विधानसभा चुनाव में भाजपा की झोली भर दी।



उन्होंने कहा कि सरकार सवा लाख करोड़ रुपये खर्च करके देश में किसानों के लिए 700 से अधिक भंडार गृह बनाने जा रही है, इसलिए कि फसल पैदा होते ही किसान घर की जरूरतों के लिए आनन-फानन में कम कीमत पर उसे बेच देता है। हमारी सरकार ने तय किया है कि किसानों के सामने यह नौबत न आने पाए। फसल पैदा होती है तो किसान भंडारगृह में रख दें, वहां से पैसा ले लें और जब अनाज की कीमत बढ़ जाए तो बाजार में बेच दें।

**भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने पर बोले एस जयशंकर**

# 'सरकार के लिए सबसे पहले देश की सुरक्षा'

**एजेंसी। आइजोल**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि केंद्र ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया है। क्योंकि सरकार देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। आइजोल में भाजपा का घोषणा-पत्र जारी करने के बाद पत्रकारों से बातचीत जयशंकर ने यह बात कही। गौरतलब है कि



फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद अपने देश से भागने के बाद म्यांमार के हजारों लोगों ने कई उत्तर-पूर्वी राज्यों खासकर मिजोरम में शरण ली है। मुझे लगता है कि हमारे देश की सुरक्षा, मिजोरम सहित हमारे राज्यों की सुरक्षा के लिए हमें कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। लेकिन अभी हम जो सावधानियां बरत रहे हैं, वे एक निश्चित स्थिति के जवाब में हैं। अभी भी हमारा पड़ोसी एक संकट से गुजर रहा है। अगर म्यांमार में चीजें सामान्य होतीं तो ऐसा नहीं होता। जयशंकर ने कहा कि केंद्र लोगों के हितों, परंपराओं, रीति-रिवाजों और सीमा पार रिश्तों के प्रति बहुत संवेदनशील है। प्रस्तावित सीमा बाड़ लगाने और एफएमआर को खत्म करने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि फिलहाल यह महत्वपूर्ण है कि हम सावधानी बरतें।

### क्या है एफएमआर?

केंद्र ने फरवरी में भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया। एफएमआर भारत-म्यांमार सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है। भारत म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और विशेष रूप से मिजोरम, पड़ोसी देश के साथ 510 कि.मी. लंबी सीमा साझा करता है।